रोहतक
रविवार 11 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 343
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 21.7
न्यून. 1.6

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



08 सोमनाथ मंदिर में पीएम मोदी ने की महाआरती




## सुरक्षाबलों ने विरोध को दबाने के लिए बरसाईं गोलियां

# महंगाई की आग में झुलसा ईरान, हिंसक प्रदर्शन में अब तक 72 लोगों की मौत

### खामेनेई की अपील, ट्रंप को खुश करने के लिए देश को बर्बाद न करें

- सुरक्षाबलों की चेतावनी माता-पिता बच्चों को प्रदर्शन से दूर रखे, 2300 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया
- ईरान इजराइल के साथ संघर्ष, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों, गिरती अर्थव्यवस्था, जैसी समस्याओं से जूझ रहा

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान में महंगाई और आर्थिक बदहाली को लेकर सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शन हो गए हैं। सुरक्षाबलों की गोलीबारी में अब तक कम से कम 72 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 2300 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनों को दबाने के लिए कई जगह गोलीबारी की, इसके बाद से लगातार लोगों की मौत हो रही है। वहीं, रिवोल्यूशनरी गाड्र्स के अधिकारी ने चेतावनी दी कि माता-पिता अपने बच्चों को प्रदर्शनों से दूर रखें। इससे पहले सरकार ने देशभर में इंटरनेट और फोन सर्विस लगभग बंद कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इससे पहले चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों को मारा गया तो ईरानी सरकार को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। वहीं, सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने अपील की है कि ट्रंप को खुश करने के लिए देश को बर्बाद न करें।



#### महंगाई चरम पर खाद्य वस्तुएं 72 फीसदी महंगी

देशभर में जेन जेड आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रही है। दिसंबर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 72% और दवाओं की कीमतों में 50% तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

#### प्रदर्शनों के पीछे विदेशी एजेंट देश में हिंसा भड़का रहे : अली

ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने कहा कि ईरान 'विदेशियों के लिए काम करने वाले भाड़े के लोगों' को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शनों के पीछे विदेशी एजेंट हैं जो देश में हिंसा भड़का रहे हैं। खामेनेई ने कहा कि देश में कुछ ऐसे उपद्रवी हैं जो सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करना चाहते हैं।

तलाशी के दौरान फाइल ले जाने का आरोप
टीएमसी ने कहा, हमारा पक्ष भी सुनें

# ममता के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची ईडी, सीबीआई जांच कराने की मांग



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। बंगाल सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में केविएट दाखिल की है। सरकार की मांग है कि उसका पक्ष सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए। ईडी का आरोप है कि गुरुवार को पॉलिटिकल कंसलटेंट फर्म के ऑफिस और उनके डायरेक्टर के घर हुई तलाशी के दौरान राज्य सरकार की ओर से रुकावट डाली गई। ईडी ने मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। इससे पहले शुक्रवार को ईडी ने कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया था, लेकिन कोर्टरूम में हंगामे के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। इसके बाद हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई 14 जनवरी के लिए टाल दी। सीएम ने कोलकाता में पैदल मार्च भी निकाला था। इसके बाद ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराईं। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह और नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ बयान दिए थे। (पेज-4 भी देखें)

#### ममता सरकार ने भी दाखिल किया कैविएट

बता दें कि इससे पहले ममता बनर्जी सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर दिया है। इस कैविएट में बंगाल सरकार ने अनुरोध किया है कि सुप्रीम कोर्ट कोई आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष सुने। सूत्रों के मुताबिक, ईडी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की संभावना पर विचार कर रही है। एजेंसी मौजूदा कानूनी विकल्पों को अंतिम रूप देने से पहले सभी संभावनाओं पर गौर कर रही है।

अंग्रेजी प्रथा पर लगाई रोक

## रेलवे की यूनिफॉर्म बदली, बंद गले का काला कोट आउट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे में कई बड़े बदलाव देखने को मिल रहे है। इसी कड़ी में अब रेल कर्मचारियों की पारंपरिक यूनिफॉर्म में बदलाव किया जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि अंग्रेजी शासन काल से चली आ रही बंद गले वाली काली जैकेट को हटाने का फैसला लिया गया है। रेल मंत्री के मुताबिक, रेलवे से उन सभी चीजों को समाप्त किया जाएगा जो औपनिवेशिक सोच और गुलामी के प्रतीक के तौर पर देखी जाती हैं। रेल अधिकारियों के एक कार्यक्रम में रेल मंत्री ने कहा कि हमें अपनी सोच से भी गुलामी की मानसिकता को निकालना होगा।

> यह औपनिवेशिक सोच व गुलामी का प्रतीक : रेल मंत्री

'विकसित भारत युवा नेतृत्व' संवाद

## करीब 3000 युवाओं से बात करेंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद में 3,000 से अधिक युवाओं से सीधे बातचीत करेंगे। इस दौरान युवा विभिन्न राष्ट्रीय और सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार और सुझाव पीएम मोदी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के 2026 संस्करण के चयनित प्रतिभागी 10 विषयगत ट्रैकों में प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी अंतिम प्रस्तुतियां देंगे, जिसमें राष्ट्रीय महत्व के विचार साझा किए जाएंगे।

> चयनित प्रतिभागी पीएम के समक्ष देंगे प्रस्तुतियां

अभी राहत की उम्मीद नहीं

## 1.6 डिग्री पर कांपा हरियाणा महेन्द्रगढ़ रहा सबसे ठंडा

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** समूचा प्रदेश ठंड से कांप रहा है। बीती रात तो महेंद्रगढ़ का तापमान 1.6 डिग्री दर्ज हुआ है। यह प्रदेश में इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान रहा। इसके बाद सोनीपत में तापमान 2.9 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान में भी औसतन 0.9 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सुबह 10 से ज्यादा जिलों मे कोहरा छाया रहा। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी ठंड से राहत नहीं मिलेगी। मेवात और अंबाला को छोड़ दें तो प्रदेश के बाकी जिलों में तापमान 5 डिग्री या इससे कम रहा है।

> ज्यादातर जिलों में तापमान 5 डिग्री से भी कम

### खबर संक्षेप

#### नूर होंगे भारत में अफगानी राजदूत



**नई दिल्ली।** तालिबान के वरिष्ठ सदस्य मुफ्ती नूर अहमद नूर भारत की राजधानी नई दिल्ली पहुंचे हैं। अधिकारियों की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, नूर अफगानिस्तान दूतावास में चार्ज डी'अफेयर्स (सीडीए) का पद संभालेंगे। इससे पहले नूर अहमद अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय में रह चुके हैं।

#### बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की हत्या



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। सुनामगंज जिले में जॉय महापात्रो नाम के एक हिंदू व्यक्ति को बुरी तरीके से पीटा गया। महापात्रो के परिवार के अनुसार उसे जहर भी दे दिया। हालत खराब होने पर महापात्रो को सिलहट एमएजी उस्मानी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

# मासिक आय 3 लाख से अधिक, 3 करोड़ से अधिक संपत्ति तभी मिलेगी पुलिस सुरक्षा



सरकार ने नए दिशा-निर्देश किए जारी

**योगेंद्र शर्मा (चंडीगढ़)।** हरियाणा सरकार के गृह विभाग ने सुरक्षा मांगने वाले लोगों के लिए कई नियम और दिशा निर्देश जारी किए हैं। अब शर्तों को पूरा करने के बाद में ही सुरक्षा का पहरा मिलेगा। उन लोगों को पुलिस सुरक्षा का खर्च वहन करने में सक्षम माना जाएगा, जिसकी मासिक आय 3 लाख से अधिक है या जिनके पास प्राथमिक आवास को छोड़कर 3 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। हालांकि अन्य कोई भी सुरक्षा लेने वाला चाहें तो स्वेच्छा से पुलिस सुरक्षा के लिए भुगतान कर सकते हैं।

#### देनदारी और आयकर रिटर्न ब्योरा देना होगा

सुरक्षा के लिए आवेदक के आर्थिक हालात और देनदारियों का आकलन एडीजीपी सीआईडी व सीपी और एसपी कार्यालय द्वारा किया जाएगा। इनेलो नेता अभय चौटाला की सुरक्षा को लेकर यह मामला संदर्भ में आया है। अभय के पास वाई श्रेणी की सुरक्षा है। हालांकि जो सक्षम हैं वे भुगतान कर सुरक्षा ले सकते हैं, या जिनका जीवन खतरे में है, उन्हें तीन माह तक बिना भुगतान भी सुरक्षा दी जा सकती है।

ट्रंप का नया दावा...

## वेनेजुएला का तेल भारत को दे सकता है अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका, भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदने की इजाजत दे सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के एक सीनियर अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारी के मुताबिक यह सब अमेरिका की निगरानी और शर्तों के साथ होगा। हालांकि इससे जुड़ी शर्तें क्या हैं, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। इसका मतलब यह है कि अमेरिका के प्रतिबंधों की वजह से जो व्यापार रुका हुआ था, वह अब फिर से शुरू हो सकता है। वहीं, रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस भी चाहती है कि अमेरिका उसे वेनेजुएला का तेल खरीदने की इजाजत दे दे। दूसरी ओर ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट में दुनिया की बड़ी तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की।



ऑयल कंपनियों के अफसरों से मिले ट्रंप

गांव में पसरा मातम...

## अमेरिका : सड़क हादसे में कैथल के युवक की मौत

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)** अमेरिका के कैलिफोर्निया में हुए सड़क हादसे में कैथल के गांव देवगढ़ के 27 वर्षीय युवक टिंकू की मौत हो गई। परिवार के सदस्य शव को स्वदेश लाने की सरकार से गुहार लगा रहे हैं। 27 साल के मृतक टिंकू के चाचा ओमप्रकाश ने बताया कि करीब दो साल पहले ही अमेरिका गया था। परिवार ने जैसे तैसे करीब 40 लाख रुपये लगाकर इस उम्मीद से उसे अमेरिका भेजा था। उम्मीद थी कि उसकी कमाई से परिवार की स्थिति सुधरेगी, लेकिन उसकी मौत के बाद और ज्यादा आघात पहुंचा है। चाचा ओमप्रकाश ने बताया कि टिंकू अमेरिका में ट्रक चलाने का काम करता था। 28 दिसंबर 2025 को ट्रक की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई थी, जिसमें उसकी मौत हो गई।



टिंकू अमेरिका में ट्रक चलाने का काम करता था

## पहली बार पैतृक गांव पेटवाड़ पहुंचे सीजेआई सूर्यकांत, सुनाए बचपन के किस्से

एसडीजेएम कोर्ट का उद्घाटन व न्यायिक परिसर का किया शिलान्यास

# 10वीं में अच्छे रिजल्ट के लिए स्कूल में सोते, मास्टरजी रात तक पढ़ाते थे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी/हिसार**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के हरियाणा दौरे के दूसरे दिन खुली जीप में सवार होकर हांसी जिले में अपने पैतृक गांव पेटवाड़ पहुंचे। यहां उनके सम्मान में एक समारोह रखा गया था। उनके साथ कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे। सीजेआई ने कहा- मुझे अपने इंग्लिश के टीचर मदनखेड़ी गांव निवासी मास्टर प्रेम सिंह जी आज भी याद हैं। उन्होंने कुछ बच्चों को चुना ताकि मैट्रिक (10वीं) एग्जाम में गांव का रिजल्ट अच्छा आए। हम धान की पराली बिछाकर स्कूल के बड़े कमरे में सोते थे और रात 11-12 बजे तक मास्टर जी हमें पढ़ाते थे। यह केवल पढ़ाई नहीं थी, यह एक मां-बाप जैसी तपस्या थी। इससे पहले शनिवार सुबह सीजेआई हिसार के बरवाला पहुंचे। यहां उन्होंने नवस्थापित एसडीजेएम कोर्ट का उद्घाटन और न्यायिक परिसर का शिलान्यास किया। उनका स्वागत करने कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा और रणबीर गंगवा पहुंचे।



**न्यायिक ढांचे का विस्तार समय की मांग**

सीजेआई ने कहा कि बार के सदस्यों को यह समझना होगा कि वर्तमान में भले ही पुराने परिसरों में कार्य चल रहा हो, लेकिन आने वाली नई पीढ़ी की जरूरतों को देखते हुए भविष्य की योजनाएं अभी से बनानी होंगी। न्यायिक ढांचे का विस्तार समय की मांग है और इसके लिए दूरदर्शी सोच जरूरी है।



**खबर संक्षेप**

## चौधरी छोटूराम की जयंती पंचकूला में मनाएंगे

**पंचकूला।** महान समाज सुधारक, किसानों के मसीहा और हरियाणा की सामाजिक चेतना के प्रतीक दीनबंधु चौधरी छोटूराम का 145वां जन्मदिन एवं बसंत पंचमी महोत्सव आगामी 23 को पूरे उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जाट सभा पंचकुला/चंडीगढ़ द्वारा किया जा रहा है, जिसमें हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

## आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**चंडीगढ़।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है।

## कल्याण पुरस्कारों के लिए 12 तक आवेदन

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, श्रेष्ठ ग्राम पंचायतों, श्रेष्ठ स्वैच्छिक संस्थाओं (एनजीओ) तथा अन्य श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सरकार द्वारा पोर्टल 12 जनवरी तक खोला गया है।

## ड्यूटी पर जा रहे श्रमिक को डंपर ने कुचला

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ ससेट्र-3 गुरुग्राम नहर के नए पुल पर डंपर ने एक साइकिल सवार को कुचल दिया। भूदत्त कालोनी का रहने वाला सुभाष शर्मा सेक्टर-छह में एक फैक्ट्री में शनिवार सुबह साइकिल से ड्यूटी जा रहा था। नहर के पुल पर पीछे तेज गति से डंपर आया और उसकी साइकिल को टक्कर मार दी।

# नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा तैयार मनोहर बोले-प्रदेश अध्यक्ष लगाएंगे ड्यूटी

■ हरियाणा भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की दिल्ली में बैठक ■ केंद्रीय मंत्री, सीएम सैनी, प्रदेश प्रभारी सहित अन्य नेता मौजूद रहे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

नगर निगम चुनावों को लेकर भाजपा तैयारी में जुट गई है। शनिवार को नई दिल्ली में हरियाणा भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में निगम चुनाव को लेकर रणनीति पर मंथन किया गया। बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्री बजट को लेकर गुरुग्राम व फरीदाबाद में हुई बैठकों का ब्योरा दिया। केंद्रीय मंत्री और पूर्व सीएम मनोहरलाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी कोर कमेटी की इस बैठक में पंचकूला अंबाला और सोनीपत नगर निगमों के चुनावों को लेकर भी तैयारी के लिए कहा गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली इस संबंध में ड्यूटी लगा देंगे। उन्होंने कहा कि तीन निगमों, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजयेपी की स्मृति में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर मंथन हुआ।

■ अंबाला, पंचकूला और सोनीपत में चुनाव प्रस्तावित

■ कांग्रेस चुनाव के लिए समिति कर चुकी गठित



### रणनीति पर किया विचार- मंथन

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि डेढ़ से दो माह के बीच कोर कमेटी की बैठक में मंथन होता है, कोर कमेटी कोई फैसले नहीं लेती बल्कि सारी योजनाओं, रणनीति पर विचार होता है। केंद्रीय मंत्री ने मनरेगा को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रही भ्रामक जानकारी को लेकर भी विस्तार से लोगों को जानकारी देने को कहा गया है, उन्होंने कहा कि मनरेगा में कुछ बढ़ोतरी की गई है, कामकाज के दिन भी बढ़ाए है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास में इस समय कोई भी मुद्दा नहीं है। केंद्र का 60 और प्रदेश का 40 फीसदी हिस्सा होगा बल्कि राज्य अब ज्यादा ध्यान देंगे, अब प्रदेश की जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ा दी गई है। केंद्र बाकी योजना में ज्यादा पैसा दे सकेगा। केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन का दौरा गुरुग्राम में होना है।

### कांग्रेस की कमेटी में पूर्व सीएम व अन्य नेता शामिल

वहीं प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस जनवरी-फरवरी में प्रस्तावित 3 निगमों के चुनावों को लेकर पार्टी ने कमेटी गठित कर दी है। इस कमेटी के जरिए प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र ने सभी नेताओं को साधने की कोशिश की है। लिस्ट में विधानसभा में अपोजीशन के लीडर भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित सांसद कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला का भी नाम शामिल किया है। इस लिस्ट में सभी सांसदों, विधायकों को शामिल किया है।

### बड़ौली बोले बीएलए- 2 की नियुक्ति करेंगे

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पूरे देश में जो एसआईआर की प्रक्रिया चली है, हरियाणा प्रदेश में भी ये प्रक्रिया चलेगी, हम उससे पहले ही बीएलए- 2 की बड़े स्तर पर नियुक्ति करेंगे। इसके लिए हम एक कमेटी बना रहे हैं। कमेटी के माध्यम से ही नाम दिए जाएंगे। इसके साथ ही हम पूरे तैयारियों के साथ 2026 के निकाय चुनाव में सहभागिता करेंगे।

## *युवा दिवस पर अपने पहले हरियाणा दौरे पर आएंगे कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष*



*गुरुग्राम। भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन के हरियाणा में पहली बार हो रहे दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी तैयारियां की है। तैयारियों को लेकर गुरुग्राम के गुरुकमल कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ की। बैठक में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नीतिन नबीन के पहले गुरुग्राम दौरे को ऐतिहासिक रूप से भव्य बनाने का संकल्प लिया। 12 जनवरी युवा दिवस के अवसर पर गुरुग्राम में भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर पूरे शहर को सजाने के लिए कार्यकर्ता जुट गए हैं। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी के सामने अपनी तैयारियों की जानकारी भी रखी।*

## ड्रग तस्करी पर जीरो टॉलरेंस, 2025 में 33 विदेशी सहित 6800 गिरफ्तार



■ पुलिस ने रिकॉर्ड 3738 केस दर्ज किए : मिश्रा

■ यूपी के सबसे ज्यादा 169 आरोपी पकड़े

**चंडीगढ़।** नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए हरियाणा में वर्ष 2025 के दौरान एनडीपीएस अधिनियम के तहत रिकॉर्ड 3738 एफआईआर दर्ज की गईं और 6,801 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यह अब तक का राज्य का सबसे सख्त और व्यापक मादक पदार्थ विरोधी अभियान है। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताय कि राज्य में एनडीपीएस अधिनियम के तहत कुल 20519 एफआईआर दर्ज हुईं और 35,207 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बीते छह वर्षों में लगातार तेज हुई इस कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करों को कड़ा संदेश दिया है। गिरफ्तारियों में कई राज्यों के आरोपी शामिल रहे। सबसे अधिक उत्तर प्रदेश से 169, इसके बाद पंजाब से 147, राजस्थान से 64 और दिल्ली से 45 आरोपी पकड़े गए। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड तथा कई पूर्वोत्तर राज्यों के निवासी भी नशा तस्करी में पकड़े गए।

## फिरौती की घटनाओं में 40% कमी



**चंडीगढ़।** हरियाणा में संगठित अपराध और फिरौती से जुड़े मामलों पर कड़े प्रहार के परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में फिरौती मांगने की घटनाओं में 40 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्जको रेखांकित करते हुए स्पष्ट कहा कि प्रदेश में डर और दहशत फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को की गई है। इतना ही नहीं, पुलिस ने पिछले वर्ष 9 टारगेटेड मर्डर की बड़ी साजिशों को भी समय रहते विफल किया, जिससे अपराधियों के हौसले कमजोर पड़े हैं और जनता में भरोसा बढ़ा है। डीजीजी अजय सिंघल की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय में आयोजित उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक में साझा की गई।

## जजपा ने संगठन का विस्तार किया, 32 पदाधिकारी नियुक्त

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श करके 32 पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। इनमें जेजेपी प्रदेश कार्यकारिणी में विद्यासागर, दलजीत सिंह, दिनेश शर्मा, प्रदीप गोयल और जेपी दूहन को सदस्य बनाया हैं। वहीं डॉ राजकुमार खटकड़, सुरेश राणा, सतबीर मलिक, वीरेंद्र बामल और परमजीत सिंह प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। वहीं फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में धीरज सिंह राजपूत को हलका अध्यक्ष के पद नियुक्त किया गया हैं। जजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में शेर सिंह बैरागी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया।

## मनरेगा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ घातक : राव नरेंद्र

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के मूल स्वरूप में बदलाव की कोशिशों कोलेकर कांग्रेस पार्टी आक्रामक रुख अपनाए हुए है। इसी क्रम में कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ अभियान के तहत रणनीति बनाकर प्रदेशभर में पत्रकार वार्ताओं का आयोजन शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में नारनौल सहित सभी जिला मुख्यालयों पर एक साथ पत्रकार वार्ताएं आयोजित की गईं। राव ने कहा कि भाजपा मनरेगा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ कर रही है। जिसके घातक प्रभाव समाज के सबसे नीचे के वर्गों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी मनरेगा को खत्म करने के किसी भी प्रयास को सहन नहीं करेगी। इसके लिए देशभर में आंदोलन चलाया जाएगा।

## बजट को लेकर समाज के हर वर्ग से सुझाव ले रही सरकार : आरती

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि जनभागीदारी के बिना समावेशी विकास संभव नहीं है और इसी सोच के तहत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बजट निर्माण की प्रक्रिया में हर वर्ग की सहभागिता हो। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी हितधारकों के सुझावों से हरियाणा का स्वास्थ्य क्षेत्र और अधिक मजबूत, आधुनिक तथा जनहितैषी बनेगा। आरती सिंह राव ने बताया कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने फरीदाबाद में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े बजट सुझावों को लेकर प्री-बजट परामर्श बैठक का आयोजन किया , उसके प्रदेश हित में सकारात्मक एवं दूरगामी परिणाम होंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में चिकित्सा, दंत चिकित्सा और आयुष क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सकों, स्वास्थ्य उपकरण निर्माताओं, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं तथा पैरामेडिकल प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



## सद्भावना यात्रा पर कांग्रेस दोफाड़, हुड्डा गुट नदारद

**फरीदाबाद।** कांग्रेस को प्रदेश में जमीनी स्तर पर मजबूती देने के लिए पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह द्वारा निकाली जा रही सद्भावना यात्रा के फरीदाबाद में पहुंचने पर फूट उजागर हो गई। सद्भावना यात्रा में हुड्डा गुट नदारद दिखा तथा स्थानीय कार्यकर्ताओं से ज्यादा जींद व सोनीपत के कार्यकर्ता ज्यादा दिखाई दे रहे थे। सद्भावना यात्रा में बृजेन्द्र सिंह के साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री विरेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री योगानन्द शास्त्री, जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक, सत्यवीर डागर, अशोक रावल, ओमप्रकाश पांचाल मौजूद रहें। गौरतलब है कि गुरुग्राम जिले को पार करने के बाद शनिवार को सद्भावना यात्रा फरीदाबाद में प्रवेश कर गई। फरीदाबाद में प्रवेश करने पर यात्रा का जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने 19-28 के चौक पर स्वागत किया। इसके बाद जब यात्रा ओल्ड फरीदाबाद के मुख्य बाजार में पहुंची तो वहां पर हुड्डा गुट के लखन सिंगला ने यात्रा का स्वागत करना भी मुनासिब नहीं समझा।

### सत्ता में न आने से पार्टी के कार्यकर्ता निराश : बृजेंद्र

बृजेंद्र सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान जनता कांग्रेस को सत्ता में लाने के पक्ष में थी, लेकिन सत्ता से बाहर रहने के कारण लोगों में निराशा फैली। इसी निराशा से पार्टी और कार्यकर्ताओं को बाहर निकालने के उद्देश्य से सद्भाव यात्रा की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि यात्रा को तीन महीने से अधिक समय हो चुका है और जिस-जिस क्षेत्र से यात्रा गुजरी है, वहां जनता का भरपूर समर्थन मिला है। उन्होंने यात्रा में घर, परिवार छोड़कर निरंतर साथ देने वाले 100 से अधिक साथियों को सैल्यूट करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यात्रा को मिल रहा जनसमर्थन यह दर्शाता है कि जनता ने बीजेपी की विभाजनकारी नीतियों से नाखुश है।




| Branch | Vacancy | Gender | Age |
|---|---|---|---|
| Executive & Technical | 44 | Men and Women (maximum of 07 vacancies for women) | Born between 02 Jan 2007 and 01 Jul 2009 (both dates inclusive) |




## खबर संक्षेप

### सिक्योरिटी गार्ड ने बैंक से चुराए 10 लाख, गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला सहकारी बैंक की अयाल्की शाखा से 10 लाख रुपये की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने बैंक के सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 को शाखा प्रबंधक सुरेश कुमार द्वारा शिकायत दी गई थी कि जिला सहकारी बैंक अयाल्की शाखा की तिजोरी को बिना किसी तोड़फोड़ के मास्टर-की/अल्टरनेट चाबी के माध्यम से खोलकर 10 लाख रुपये चोरी कर लिए गए हैं। जांच में पता चला कि बैंक में सिक्योरिटी गार्ड ढाणी ठोबा निवासी अनिल पुत्र अमर सिंह ने अवकाश के दौरान तिजोरी से 500-500 रुपये के 20 पैकेट चोरी किए। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ जारी है।

### नपा कर्मी मंत्री से मिले पक्का करने की मांग

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा व फायर विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने सेक्टर-16 सागर सिनेमा पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल से मुलाकात की। कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री कर रहे थे। विपुल गोयल ने 5 फरवरी तक बैठक कर मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया है। संघ ने फायर के अनुबंधित कर्मचारियों की वेतन बढ़ोतरी, विभाग में समायोजन करने, नगर निगम फरीदाबाद के दैनिक वेतन भोगी 111 कर्मचारियों एवं सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग उठाते हुए फायर एवं हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों व अन्य तृतीया व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को एकमुश्त पक्का करने की मांग उठाई। निकाले गए सफाई कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेने का आश्वासन दिया है।

### बहादुरगढ़ में कचरे के ढेर में मिला मानव भ्रूण

**बहादुरगढ़।** इलाके में मानवता को शर्मसार करने वाला एक और मामला सामने आया है। यहां सेक्टर-6 की पहली पुलिया के निकट नहर किनारे कचरे के ढेर में एक मानव भ्रूण मिला। तीन से चार महीने का यह भ्रूण लड़के का बताया जा रहा है हालांकि पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हो सकेगी। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना नहर के साथ महावीर पार्क की ओर जा रहे मार्ग की है। दरअसल, शनिवार की सुबह यहां नहर किनारे किसी राहगीर की भ्रूण पर नजर पड़ी। उसने नजदीक मौजूद ब्लिंकिट कर्मियों को मामले से अवगत कराया। फिर पुलिस को सूचना दी। ब्लिंकिट राइडर आर्यन उर्फ जोनी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

हत्या के दो मामलों में चौकाने वाले खुलासे

# प्रेम विवाह में रोड़ा बनने पर इंग्लैंड से आकर बेटे ने की थी मां की हत्या

- यमुनानगर के श्यामपुर में 25 दिसंबर को होद में मिला था सरपंच की पत्नी का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर में 24 दिसंबर की रात को हुई सरपंच की पत्नी बलजिंद्र कौर की हत्या उसके बेटे ने गोमित राठी ने अपने गांव के ही दोस्त पंकज के साथ मिलकर की थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गांव की युवती से ही गोमित प्रेम विवाह करना चाहता था, लेकिन उसकी मां खिलाफ थी।

विवाद के चलते परिजनों ने आरोपी को दो वर्ष पहले इंग्लैंड भेज दिया था। आरोपी ने बिना परिवार वालों को सूचित किया इंग्लैंड से वापस लौटकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के रिमांड पर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार डीएसपी आशीष चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 दिसंबर 2025 को साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर के सरपंच की पत्नी बलजिंद्र कौर का शव पशु बाड़े में पानी की होद में पड़ा मिला था। मृतक के सिर पर चोट के निशान थे। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी गोमित राठी 18 दिसंबर 2025 को बिना परिवार को सूचना दिए इंग्लैंड से भारत वापस लौट आया। उसकी इस गुप्त वापसी की जानकारी केवल उसके दोस्त पंकज को थी। 24 दिसंबर की रात को आरोपी पशु बाड़े में छिपकर बैठ गया। रात को जब उसकी मां बलजिंद्र कौर पशुओं को देखने के लिए बाड़े में गई तो आरोपी ने पहले उसके सिर पर चोट मारी और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को पानी की होद में फेंक दिया ताकि इसे हादसा या संदिग्ध मौत का रूप दिया जा सके। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी गोमित राठी व उसके साथी पंकज को गिरफ्तार कर लिया। रिमांड के दौरान ही इस पूरे मामले से पर्दा उठेगा।

**दोस्त भी था शामिल**



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## भर्ती गैंग से रुपये वापस लेने गए युवक की हत्या

- रेलवे कर्मचारी दीपक ने समालखा के रवि को भाई की नौकरी के दिए थे 25 लाख, 7 जनवरी से था लापता, यूपी में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के दलीपगढ़ के 7 जनवरी से लापता दीपक (40) का उत्तरप्रदेश के बागपत में शव मिला। उसकी हत्या कर शव एक खंडहर में फेंका गया था।



परिजनों का आरोप है कि पानीपत के समालखा के रहने वाले रवि व उसके सहयोगियों ने हत्या की है। दीपक ने अपने छोटे भाई को रेलवे में नौकरी लगवाने के लिए रवि को 25 लाख दिए हुए थे। पांच लाख उधार दिए थे। रेलवे में सीनियर टेक्नीशियन दीपक यही कहकर घर से निकला था कि कि रवि ने उसे 5 लाख रुपये लौटाने के लिए समालखा बुलाया है।

पत्नी सरिता का आरोप है कि आखिरी बार दीपक से बात हुई तो उन्होंने बताया था कि रवि ने खंडहरनुमा जगह पर उसे बुला रखा है। उसके साथ तीन-चार अन्य लोग भी हैं। इसके बाद मोबाइल ऑन नहीं हुआ और हत्या की खबर आई। पत्नी ने बताया कि दीपक 6 जनवरी की रात करीब 1 बजे रवि से मिलकर लौटे थे। दीपक से रवि ने कहा कि कल इसी जगह पैसे मिलेंगे। अगले दिन वह गया तो लौटकर नहीं आया। पुलिस को बागपत के किशनपुर बराल गांव में पूर्वी यमुना नहर की झील के पास 8 जनवरी को उसका शव मिला था। गले पर धारदार हथियार के घाव व शरीर पर चोट के कई निशान मिले। दीपक के तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी खुशी 8वीं क्लास में पढ़ती है।

# वंदे भारत ट्रेन के इंजन के पहिये में फंसा नट बोल्ट, बड़ा हादसा टला

### सोनीपत में 52 मिनट खड़ी रही अमृतसर-पुरानी दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस

- लोको पायलट ने खतरे की आशंका पर गाड़ी को रोका, सोनीपत में इंजीनियरिंग टीम ने तकनीकी जांच के बाद दिल्ली की ओर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

पंजाब के अमृतसर से चलकर पुरानी दिल्ली की ओर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ शनिवार दोपहर सोनीपत में बड़ा हादसा घटित होने से टल गया। सांदल कलां स्टेशन के पास वंदे भारत ट्रेन के इंजन के नीचे पहिये में लोहे का नट बोल्ट फंस गया। ऐसे में ट्रेन के चलते समय तेज आवाज आने लगी। लोको पायलट ने समझदारी दिखाते हुए ट्रेन को धीमी गति से सोनीपत स्टेशन पर खड़ा कर दिया। मामले की सूचना रेलवे के उच्च अधिकारियों को दी।

उच्च अधिकारियों ने सोनीपत की इंजीनियर टीम को मौके पर भेजा। मामले की सूचना मिलते ही जीआरपी थाना प्रभारी धर्मपाल व आरपीएफ थाना प्रभारी संगम यादव भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लोको पायलट ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दोपहर 2:08 बजे सोनीपत स्टेशन पर रोका था। इसके बाद ट्रेन करीब 52 मिनट तक सोनीपत स्टेशन पर खड़ी रही। इंजीनियरिंग टीम ने लोहे के टुकड़े को हटाकर समस्या का समाधान किया। टीम ने बताया कि नट बोल्ट इंजन के पहिये से चिपक गया था, इससे चलती ट्रेन में कंपन व तेज आवाज होने लगी। लोको पायलट ने ट्रेन को आगे जोखिम में न डालते हुए सोनीपत स्टेशन तक सुरक्षित पहुंचाया। साथ ही इंजीनियर टीम ने गहनता से ट्रेन की तकनीकी जांच की। जीआरपी व आरपीएफ पुलिस जांच के दौरान मौजूद रहे। इसके बाद वंदे भारत ट्रेन को दोपहर 3 बजे दिल्ली की तरफ रवाना कर दिया गया।



**सोनीपत।** स्टेशन पर खड़ी वंदे भारत ट्रेन में जांच करती इंजीनियरिंग टीम।

**लूप लाइन से गुजारी तीन ट्रेन**

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को सोनीपत स्टेशन पर रोकने के बाद दो अन्य वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों व चंडीगढ़ शताब्दी एक्सप्रेस को लूप लाइन से रवाना किया गया। हालांकि इसी समय सोनीपत स्टेशन पर अपडाउन रूट पर तीन लंबी दूरी की आम्रपाली एक्सप्रेस, पठानकोट एक्सप्रेस व पश्चिम एक्सप्रेस के ठहराव का समय भी निर्धारित है, लेकिन यह ट्रेनें पीछे से ही लेट रहीं। वहीं, वंदे भारत मुख्य लाइन पर होने के चलते उसे समयबद्ध इंजीनियर टीम ने तकनीकी जांच पूरी कर दिल्ली की ओर रवाना किया।

> अमृतसर से पुरानी दिल्ली जा रही वंदे भारत ट्रेन के इंजन के नीचे पहिये में सांदल कलां स्टेशन के पास कोई लोहे का नट आ गया था। इससे ट्रेन में कंचन व तेज आवाज आने लगी। लोको पायलट ने ट्रेन को सोनीपत रेलवे स्टेशन पर रोक दिया। सोनीपत की इंजीनियर टीम ने तकनीकी जांच कर ट्रेन को दिल्ली की ओर रवाना किया गया।
>
> - धर्मपाल, थाना प्रभारी, राजकीय रेलवे पुलिस, सोनीपत

## ज्यादा लाभ का लालच देकर साइबर अपराधियों ने ठगे 1.48 करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने हुडा सेक्टर 18 निवासी रामकुमार से इन्वेस्टमेंट के नाम पर ज्यादा प्रॉफिट देने का लालच देकर एक करोड़ 48 लाख रुपये हड़प लिए। शिकायत में बताया कि उसके मोबाइल पर 17 अक्टूबर 2025 को एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह एक ग्रुप में जुड़ गया। जहां पर कंपनी में पैसे इन्वेस्टमेंट कर ज्यादा प्रॉफिट कमाने की बातचीत चल रही थी। इस दौरान उसने आरोपियों की बातों में आकर अक्टूबर 2025 से चार जनवरी तक एक करोड़ 48 लाख रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए अकाउंट में जमा करवा दिए। जब उसने आरोपियों से अपने प्रॉफिट के पैसे मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया और इसके बाद आरोपियों ने अपना मोबाइल बंद कर लिया।

## मकान में शार्ट सर्किट से आग में बुजुर्ग महिला की जलने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजौंद के गांव संतोख माजरा में बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक मकान में लगी आग में 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला उर्मिला झुलस गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय महिला घर पर अकेली थी। वह चलने-फिरने में असमर्थ थी। मृतक महिला के बेटे आशु ने पुलिस को बताया कि 9 जनवरी को वह रोजना की तरह मजदूरी के लिए दूसरे गांव में गया हुआ था। उसकी छोटी बहन डिपो से राशन लेने गई हुई थी। शाम को पड़ोसियों ने फोन पर उसे आग की जानकारी दी। बिजली के एक तार में शॉर्ट सर्किट होने के कारण चिंगारी उठी और कपड़ों में आग लग गई। आशु ने बताया कि उसकी माता चलने फिरने में असमर्थ थी, जिस कारण वह बचाव नहीं कर सकी।

## हेरिटेज विलेज से 300 साल पुराने 200 बर्तन चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मसाना गांव में ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के लिए बन रहे विरासत हेरिटेज विलेज से 200 पुराने बर्तन चोरी हो गए। यह बर्तन पीतल, तांबा और कांसे के हैं, जो 75 से 300 साल पुराने हैं। बाजार में इनकी कीमत 20 लाख रुपये से ज्यादा है। यह सामान हेरिटेज विलेज के लिए पूरे देश भर में घूमकर इकट्ठा किया गया था। इस विलेज को बनवा रहे कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के प्रो. डॉ. महासिंह पूनिया ने अपने पुराने ड्राइवर पर चोरी का शक जताया है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। डॉ. पूनिया ने बताया कि चादर उखाड़कर एक ट्रंक का ताला तोड़ा गया था। ट्रंक से करीब 200 पुराने जमाने के बर्तन गायब थे। डॉ. पूनिया ने बताया कि चोरी हुए सामान में 75 से 300 साल पुराना सामान शामिल है। इसमें 150 साल पुराने पीतल के 30 टोकने, 90 साल पुरानी पीतल की 8 प्रेस, 100 साल पुराने पीतल के 2 बाट, 100 साल पुरानी पीतल की 20 टोकनी, 90 साल पुरानी पीतल की 5 केतली, 100 साल पुराने कांसे के 20 बर्तन और लोटूवे चोर चुरा ले गए।

**हौसला** 9.40 किलोमीटर समुद्र को 9 घंटे 40 मिनट में पूरा किया

चैनल स्विम में हरियाणा के लिए जीता गोल्ड

# दोनों पैरों से दिव्यांग सुरेंद्र ढाका ने तैरकर नापा अरब सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/भट्टूकलां

जिले के गांव भूथन कलां के बेटे सुरेंद्र ढाका ने अदम्य साहस और इच्छाशक्ति का ऐसा उदाहरण पेश किया है, जिसे सुनकर हर किसी के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। दोनों पैरों से दिव्यांग होने के बावजूद जब सामान्य चलना भी संभव नहीं था, तब सुरेंद्र ढाका ने अरब सागर में धरमतर जेट्टी से गेटवे ऑफ इंडिया तक की 9.40 किलोमीटर चैनल स्विम को 9 घंटे 40 मिनट में सफलतापूर्वक तैरकर पार कर इतिहास रच दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विशेष रूप से 9 जनवरी को अरब सागर में प्रस्तावित समुद्री तैराकी चुनौती के लिए सुरेंद्र ढाका को अग्रिम शुभकामनाएं दीं थी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी।



### मंजीत ने भी पार की चुनौती

**बहादुरगढ़।** गांव दूबलधन निवासी मंजीत कादयान ने दिव्यांग होने के बावजूद अरब सागर में धरमतर जेट्टी से गेटवे ऑफ इंडिया तक चैनल स्विम को मात्र 9 घंटे 40 मिनट में सफलतापूर्वक पूरा कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मंजीत ने इससे पहले स्कॉटलैंड में 36 किलोमीटर लंबे नॉर्थ चैनल को 14 घंटे 48 मिनट तक बर्फीले पानी में तैरकर पार किया था। मंजीत कादयान का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड और एपीजे अब्दुल कलाम रिकॉर्ड धारक बुक में दर्ज है। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही, राकेश कादयान, कोच रोहन मोर, सुरेंद्र ढाका, सरपंच जयपाल, प्रेमपाल दूबलधन, सूरजभान मास्टर सहित अन्य ने मंजीत कादयान को बधाई दी।





### वृंदावन में बोले, संघ प्रमुख मोहन भागवत

# जैसे-जैसे हम एक होंगे, उनके टुकड़े होंगे: वह अंदर से खोखले हो रहे

एजेंसी ▶▶ मथुरा

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- जैसे-जैसे सनातन धर्म के सब लोग एक होते जाएंगे। वैसे-वैसे ये टूटते जाएंगे। आप देख लीजिए पिछले 50 सालों में जैसे-जैसे हिंदू एक होता गया।

वैसे-वैसे इनके टुकड़े होते चले गए। ये अंदर से खोखले हो गए हैं, सारी दुनिया में हार रहे हैं। वह हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते, लेकिन जैसे हमें तैयार होना है, वैसे हम तैयार नहीं हुए हैं। इसलिए वह हमारे सामने नाच रहे हैं। भागवत ने यह बात वृंदावन के सुदामा कुटी आश्रम के शताब्दी महोत्सव में शनिवार को कहीं। हालांकि उन्होंने यह साफ नहीं किया कि किनके टुकडे होते चले जाएंगे।

उन्होंने सुदामा दास जी महाराज के जीवन परिचय और नाभा पीठ का परिचय कराने वाली पुस्तक का विमोचन किया। सुदामा कुटी आश्रम के 100 साल पूरे होने पर शनिवार सुबह आश्रम से शोभायात्रा निकाली गई। महंत सुतीक्ष्ण दास महाराज रथ पर सवार होकर भ्रमण करने निकले। शोभायात्रा अलग-अलग चौराहों से होते हुए दोपहर 3 बजे वापस सुदामा कुटी आश्रम पहुंची थी।



# टैंबोरिन बजाकर की कार्यक्रम की शुरुआत, भारत दुनिया का एक प्रतिष्ठित व भरोसेमंद तीसरा बड़ा प्रकाशन केंद्र

## 53वें नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 की शुरुआत

**रीडिंग कल्चर को बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता**

**'पढ़ोगे, तो नेतृत्व करोगे' का किया उल्लेख**

### यह देश की बौद्धिक -सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मंडपम में 53वें नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 का भव्य उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। उद्घाटन समारोह के दौरान उन्होंने टैम्बोरिन बजाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पिछले 53 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा दिल्ली पुस्तक मेला आज प्रकाशन जगत का एक प्रतिष्ठित और भरोसेमंद मंच बन चुका है।

उन्होंने बताया कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा प्रकाशन और पुस्तक व्यापार केंद्र बनकर उभरा है, जो देश की बौद्धिक और सांस्कृतिक शक्ति को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी हमेशा कहते हैं, पढ़ोगे, तो नेतृत्व करोगे। सरकार देश में पढ़ने की संस्कृति को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रीडिंग कल्चर को बढ़ाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

### 'परीक्षा पे चर्चा-2026' ने तोड़ा अपना पिछला रिकॉर्ड : प्रधान

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल्द ही आयोजित किए जाने वाले बहुचर्चित 'परीक्षा पे चर्चा-2026' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इस बार छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के कुल 4 करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। जिसके साथ ही इसने अपने पिछले साल-2025 के 3.56 करोड़ पंजीकरण के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को भी पार कर लिया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 4 करोड़ का यह आंकड़ा 8 जनवरी 2026 तक का है।

### चंडीगढ़ में 'आप' के जेजे ने छोड़ी पार्टी



**चंडीगढ़।** यहां आम आदमी पार्टी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दो दिन पहले येंकी कालिया के इस्तीफा देने के बाद शनिवार को जेजे सिंह ने भी आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सिंह आम आदमी पार्टी के शिकायत निवारण कमेटी के चेयरमैन थे। जेजे सिंह ने बताया कि आप में अब कुछ भी नहीं रह गया है। यह पार्टी नेतृत्व विहीन हो गई है। पार्टी में दम घुट रहा था।

### टकराने के बाद हवा में उछली कार, हानि नहीं



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक कार सवार अचानक अनियंत्रित होकर एक दुकान में जा घुसा। गनीमत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे के समय कार चालक नशे में था, जिस वजह से यह हादसा हो गया। कार सवार बाईं मुड़ने की जगह सीधे आता है और डिवाजर से टकराकर हवा में उछलता है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कोलकाता के आई- पैक मामले में बढ़ी रार, सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

**डायरेक्टर जैन के ठिकानों पर छापेमारी बनी वजह**

# ममता ने कहा, हमारा पक्ष भी सुनें, रेड के दौरान फाइल ले जाने का आरोप

### ईडी ने कहा- ममता ने रेड के दौरान अधिकारियों से छीने सबूत, बाधा डाली



**बंगाल के बवाल पर अब दिल्ली में सवाल**

**ममता बोलीं- राज्य सरकार का पक्ष सुने बिना कोई आदेश न दें**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) ने शनिवार कोआई- पैक मामले में देश के सर्वोच्च न्यायलय में याचिका दाखिल कर दी है। ई डी ने सुप्रीम कोर्ट में दर्ज याचिका में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर एजेंसी की कार्रवाई में दखल देने का आरोप लगाया है. एजेंसी ने याचिका में कहा कि कोलकाता में आई- पैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई के दौरान मुख्यमंत्री ममता ने ईडी के अधिकारियों से जरूरी फाइलें, हार्ड डिस्क और मोबाइल फोन छीन लिए थे। ईडी ने इस मामले में शुक्रवार को पहले कोलकाता हाई कोर्ट में भी याचिका दाखिल की थी, जिस पर बुधवार को सुनवाई होगी। ईडी ने अदालत का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया था कि उसकी जांच में जान-बूझकर बाधा बैदा की गई ताकि काम प्रभावित हो। ईडी की ओर से दायर याचिका में मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई। साथ ही, एजेंसी ने अदालत में आवेदन दाखिल कर इस संबंध में केस दर्ज करने की भी अनुमति मांगी।

### केविएट इसलिए ताकि एकतरफा आदेश न हो



सुप्रीम कोर्ट

दूसरी तरफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साथ जारी खींचतान के बीच पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में कैविएट एप्लीकेशन दाखिल कर दी है। कैविएट दाखिल कर पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से स्पष्ट रूप से आग्रह किया है कि अगर इस मामले में कोई भी याचिका या अपील दायर की जाती है, तो राज्य सरकार का पक्ष सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए। सरकार के इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अदालत किसी भी एकतरफा आदेश से पहले संबंधित पक्ष को सुनवाई का पूरा अवसर दे।

### यह है पूरा मामला?

दरअसल, ईडी ने गुरुवार को कोयला घोटाला मामले को लेकर राजनीतिक कंसलटेंसी फर्म आई-पैक के डायरेक्टर प्रतीक जैन के आवास और ऑफिस पर छापेमारी की थी। ईडी की कार्रवाई के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य प्रशासन और पुलिस के सीनियर अधिकारियों के साथ प्रतीक जैन के घर और फिर ऑफिस पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने कथित तौर पर कुछ फाइलें और इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज निकालकर अपनी गाड़ी में रखवाए थे।

### सिब्बल बोले

### विपक्ष को डराने का औजार बनी एजेंसी



पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्रवाई को लेकर राज्य से लेकर देशभर की राजनीति में गरमाहट तेज है। इसी बीच इस कार्रवाई को लेकर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही जांच एजेंसियों को अचानक दस्तावेजों की याद आ जाती है और इसका मकसद सिर्फ विपक्षी नेताओं को परेशान करना होता है। सिब्बल ने पश्चिम बंगाल में ईडी की कार्रवाई का मामला उठाया।

## कोयला घोटाला आरोप पर ममता को भेजा कानूनी नोटिस, 72 घंटे में सबूत दें



**विपक्ष के नेता सुवेंदु ने की कार्रवाई**

पश्चिम बंगाल की सियासत एक बार फिर उबाल पर है। इस बार मुद्दा है कोयला घोटाला, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) की कार्रवाई और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के गंभीर आरोप। राज्य के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने ममता को कानूनी नोटिस भेजकर सीधा चुनौती दे दी है कि वे 72 घंटे के भीतर अपने दावों के सबूत पेश करें, वरना उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया जाएगा। यह पूरा विवाद उस बयान से भड़का है जिसमें ममता ने दावा किया था कि कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु अधिकारी के जरिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक पहुंचाया जाता है। 8 जनवरी को कोलकाता में आई- पैक कार्यालय पर ईडी की छापेमारी के विरोध में ममता एक रैली को संबोधित कर रही थीं। उसी दौरान उन्होंने सीधे शाह और सुवेंदु अधिकारी का नाम लेते हुए कहा कि दोनों कोयला तस्करी से जुड़े हैं और इस घोटाले की रकम ऊपर तक जाती है।

### राजस्थान दौरे पर गृह मंत्री शाह

## माहेश्वरी समाज की महासभा में दिखी श्रद्धा-सांस्कृतिक एकता

- 27 देशों से यहां प्रतिनिधि आए
- 40 हजार माहेश्वरी समाजबंधु पहुंचे
- 12 विशाल डोम बनाए गए
- 750 स्टॉल्स लगाए गए



एजेंसी ▶▶ जोधपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह राजस्थान दौरे के दूसरे दिन जोधपुर और जयपुर में अहम कार्यक्रमों में शिरकत की। शनिवार को शाह जोधपुर के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में माहेश्वरी समाज के ग्लोबल महाकुंभ में जनसभा को संबोधित किया। शाह शुक्रवार देर रात ही जोधपुर पहुंचे। उनके साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद रहे। राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से यह दौरा अहम माना जा रहा है। एयरफोर्स स्टेशन से शाह सीधे बीएसएफ कैंप स्थित ऑफिसर्स मेस पहुंचे, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। यहांएक विशाल ग्लोबल एक्सपो भी लगाया गया है, जिसमें करीब 750 स्टॉल्स लगाए गए हैं। इन स्टॉल्स में उद्योग, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक और सामाजिक नवाचार से जुड़ी जानकारियां प्रदर्शित की जा रही हैं। देश-विदेश से आए समाजबंधु यहां आपसी संवाद किए।

**3 दिवसीय माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन**

माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ था। शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री शाह सम्मेलन की मुख्य जनसभा को संबोधित किया, जिसे लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह दिखा। इस सम्मेलन में भारत सहित दुनिया के 27 देशों से करीब 40 हजार माहेश्वरी समाजबंधु हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के लिए कॉलेज परिसर में लगभग 250 बीघा क्षेत्र में एक अस्थायी शहर बसाया गया है। यहां देश के 12 ज्योतिर्लिंगों के नाम पर 12 विशाल डोम बनाए गए हैं, जो श्रद्धा और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बने हुए हैं।

### अयोध्या : राम मंदिर की सुरक्षा में सेंध, सीता रसोई के पास ही नमाज पढ़ रहा था शख्स हिरासत में लिया

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा में सेंध लगने का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह एक विशेष समुदाय के शख्स ने राम मंदिर परिसर में सीता रसोई के पास नमाज पढ़ने की कोशिश की। रोके जाने पर शख्स ने एक संप्रदाय विशेष के नारे लगाए। मौके पर मौजूद सुरक्षा बलों ने शख्स को हिरासत में लिया है। शख्स राम मंदिर के गेट डी1 से घुसा था। सुरक्षा एजेंसियां आरोपी से पूछताछ कर रही हैं। आरोपी के कब्जे से कुछ ड्राई फ्रूट्स और 2700 रु. मिले हैं। आरोपी के पास से एक डायरी में कुछ फ़ोन नंबर मिले हैं। आईबी की स्पेशल टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** — व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

# लिंक-कोस्टल रोड करेंगे पूरा, मुफ्त मेट्रो-बस सुविधा देंगे

## 100 से ज्यादा नई कंक्रीट सड़कें बनाएंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण और विधायक नरेंद्र मेहता ने मीरा भायंदर नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। 15 जनवरी को होने वाले इन चुनावों के लिए पार्टी ने 'मीरा-भायंदर के विकास का संकल्प' लिया है। इसमें शहर को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के लिए एक विस्तृत रोडमैप पेश किया गया है।

**सड़क मेट्रो और पानी जैसे लुभावने वादे किए**



### पार्टी ने किए विकास के वादे

महायुति के दो सहयोगी भाजपा और शिवसेना नगर निकाय पर नियंत्रण पाने की दौड़ में हैं। घोषणापत्र में 'ट्रिपल इंजन' सरकार पर जोर दिया गया है, ताकि केंद्र और राज्य की सत्ता का लाभ स्थानीय विकास में मिल सके। पार्टी ने शहर को गड्ढों से मुक्त करने के लिए 100 से ज्यादा नई कंक्रीट सड़कें बनाने का वादा किया है। इसके अलावा, मेट्रो रेल, दहिसर-भायंदर लिंक रोड और जेसल पार्क-घोड़बंदर कोस्टल रोड को पूरा करने की बात कही गई है। जिससे मुंबई की यात्रा का समय काफी कम हो सके।

**24 घंटे होगी जलापूर्ति, बनाएंगे सिविल अस्पताल**

पानी की समस्या सुलझाने के लिए सूर्य परियोजना और 75 एमएलडी की नई योजना के जरिए 24 घंटे जलापूर्ति का भरोसा दिलाया गया है। पार्टी ने कहा कि वह नगर निकाय में सत्ता में आती है, तो वह एक नया 300 बेड का सिविल अस्पताल स्थापित करेगी। मौजूदा पंडित भीमसेन जोशी अस्पताल का आधुनिकीकरण करेगी और अधिक आयुष्मान भारत कार्ड केंद्र खोलेगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धुरान ठाकुर** पुत्र गोकुलराम, निवासी- 2746, विकास नगर मौली जागरण चंडीगढ़ और प्लॉट नंबर 236 औद्योगिक क्षेत्र चरण -1, पंचकुला, हरियाणा ने **सीसी एनआई अधिनियम 2539/2023 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना महरौली, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **धुरान ठाकुर** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **धुरान ठाकुर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **धुरान ठाकुर, सीसी एनआई अधिनियम 2539/2023 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना महरौली, नई दिल्ली,** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री पूजा कुमारी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, (एनआई एक्ट)
(दक्षिण), डिजिटल कोर्ट-02, कोर्ट नंबर 25, ब्लॉक-II
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/404/SD/2026

## शब्द पहेली - 6105




**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 6104 का हल






भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
सत्यमेव जयते
''सभ्यता की अदम्य भावना का सोमनाथ मंदिर से बेहतर उदाहरण कोई नहीं हो सकता,
जो तमाम मुश्किलों और संघर्षों को पार करते हुए गौरवशाली रूप से खड़ा है।''
- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
अटूट आस्था के एक हज़ार वर्ष की गौरव गाथा
सोमनाथ स्वाभिमान पर्व
सोमनाथ: अडिग साहस, विश्वास और संकल्प का जीवंत प्रतीक
मुख्य अतिथि
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
11 जनवरी, 2026 | पूर्वाह्न 10 बजे | सोमनाथ मंदिर, गुजरात
पर्व के आकर्षण
महाभिषेक
शौर्य यात्रा
महाआरती
शौर्य सभा
प्रधानमंत्री का विशेष उद्बोधन
CBC 09101/13/0034/2526
आइए, भारत की शाश्वत आस्था के इस गौरवशाली स्मरणोत्सव का साक्षी बनें।
कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

तीन जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई में अमेरिकी सेना ने स्पेशल ऑपरेशन चलाया और वेनेजुएला के प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो को पकड़ लिया। मादुरो और उनकी पत्नी को काराकास से उठाकर अमेरिका ले गए। अमेरिका का कहना है कि वह नारको-टेररिज्म के खिलाफ था, क्योंकि वेनेजुएला से ड्रग्स और गैंग्स अमेरिका में आ रहे हैं, जो हजारों अमेरिकियों की जान ले रहे हैं। ट्रंप ने तो साफ-साफ कहा कि अब वेनेजुएला का तेल और दौलत अमेरिका को मिलेगी। वेनेजुएला ऑपरेशन के बाद अब बर्फीले ग्रीनलैंड का मुद्दा गर्म हो गया है। ट्रंप खुलकर कह चुके हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से हमें ग्रीनलैंड की जरूरत है, लेकिन सवाल यह है कि क्या अमेरिका को वास्तव में ग्रीनलैंड खरीदने या उसे अपने कब्जे में लेने की आवश्यकता है, ताकि ट्रंप के सभी लक्ष्य पूरे हो सकें? इस मुद्दे पर एक तरफ़ कई देश अमेरिका की ओर से की गई कार्रवाई की घोर आलोचना कर रहे हैं तो वहीं एक पक्ष ऐसा है, जो इसका समर्थन भी कर रहा है। दूसरी तरफ इस मुद्दे पर भारत ने कहा कि सभी पक्षों को तमाम मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान करना चाहिए, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। शांति की चाहत रखने वाली दुनिया को आखिरकार अमेरिकी मनमर्जी पर कहीं न कहीं रोक तो लगानी ही होगी। इसी मुद्दे का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...

# ट्रंप के बयानों से ग्रीनलैंड में बढ़ी गर्मी



**विश्लेषण**

सेंट्रल डेस्क

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप खुलकर कह चुके हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से हमें ग्रीनलैंड की जरूरत है, लेकिन सवाल यह है कि क्या अमेरिका को वास्तव में ग्रीनलैंड खरीदने या उसे अपने कब्जे में लेने की आवश्यकता है, ताकि ट्रंप के सभी लक्ष्य पूरे हो सकें? कोल्ड वॉर के समय हुए एक समझौते के तहत अमेरिका को पहले से ही ग्रीनलैंड में व्यापक सैन्य पहुंच हासिल है। अमेरिका के पास द्वीप के एक बहुत ही दूरदराज हिस्से में एक बेस है। यदि ट्रंप वास्तव में ग्रीनलैंड की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं तो वह अब भी समझौते के ढांचे का उपयोग कर सकते हैं।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वेनेजुएला ऑपरेशन के बाद अब बर्फीले ग्रीनलैंड का मुद्दा गर्म हो गया है। ग्रीनलैंड में डेनमार्क की डॉग-स्लेज टीमों का मजाक उड़ाने के बाद ट्रंप ने यहां घूम रहे रहस्यमय चीनी और रूसी जहाजों को लेकर भी तंज कसा है। वह इस विचार पर आगे बढ़ते हुए दिख रहे हैं कि अमेरिका को इस विशाल बर्फीले द्वीप पर नियंत्रण कर लेना चाहिए। एक अधिकारी का कहना है कि राष्ट्रपति इसे खरीदना चाहते हैं और दूसरे ने सुझाव दिया कि अमेरिका इसे जबरन कब्जा भी सकता है। ट्रंप खुलकर कह चुके हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से हमें ग्रीनलैंड की जरूरत है, लेकिन सवाल यह है कि क्या अमेरिका को वास्तव में ग्रीनलैंड खरीदने या उसे अपने कब्जे में लेने की आवश्यकता है ताकि ट्रंप के सभी लक्ष्य पूरे हो सकें?

कोल्ड वॉर के समय हुए एक समझौते के तहत अमेरिका को पहले से ही ग्रीनलैंड में व्यापक सैन्य पहुंच हासिल है। अमेरिका के पास द्वीप के एक बहुत ही दूरदराज हिस्से में एक बेस है। यह समझौता उसे पूरे ग्रीनलैंड में सैन्य अड्डे स्थापित और संचालित करने, कर्मचारियों को ठहराने और जहाजों, विमानों तथा जलयान के लैंडिंग, टेक-ऑफ, एंकरिंग, मूवमेंट और संचालन को नियंत्रित करने का अधिकार देता है। डेनमार्क ने 300 वर्षों से अधिक समय पहले ग्रीनलैंड को उपनिवेश बनाया था और आज भी इसके कुछ मामलों पर नियंत्रण रखता है। डेनिश इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल स्टडीज, कोपेनहेगन के शोधकर्ता मिकेल रुंगे ओलेसेन कहते हैं कि अमेरिका को ग्रीनलैंड में इतनी छूट है कि वह लगभग हर वह काम कर सकता है जो वह चाहता है। ग्रीनलैंड को खरीदना ट्रंप की नई योजना है। यह अलग बात है ग्रीनलैंड बिकना नहीं चाहता. विशेषकर अमेरिका को तो बिल्कुल नहीं। डेनमार्क के पास इसे बेचने का अधिकार भी नहीं है। उनके अनुसार यह असंभव है। अतीत में फैसला डेनमार्क करता था। 1946 में उसने ट्रूमैन प्रशासन का 10 करोड़ डॉलर (सोने में) का प्रस्ताव ठुकरा दिया था।



## जनमत संग्रह का हक

आज परिस्थितियां अलग हैं। ग्रीनलैंडवासियों के पास अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह कराने का अधिकार है और डेनमार्क ने कहा है कि द्वीप के 57,000 निवासियों पर उनका भविष्य निर्भर करता है। पिछले वर्ष हुए एक सर्वेक्षण में 85% निवासियों ने अमेरिकी नियंत्रण के विचार का विरोध किया था। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नील्सन ने कहा कि हमारा देश बिक्री के लिए नहीं है। अमेरिका और डेनमार्क के बीच रक्षा समझौता 2004 में अपडेट किया गया, ताकि ग्रीनलैंड की अर्ध-स्वायत्त सरकार को भी उसमें शामिल किया जा सके और स्थानीय आबादी पर पड़ने वाले प्रभाव पर उसे राय देने का अधिकार मिले। इसकी जड़ें द्वितीय विश्व युद्ध के समय के सहयोग में हैं। तब डेनमार्क पर नाजियों का कब्जा था।

वाशिंगटन में उसके दूतावास ने कोपेनहेगन से संपर्क टूटने पर स्वयं ही अमेरिका के साथ ग्रीनलैंड के लिए रक्षा समझौता किया। डर था कि नाजी ग्रीनलैंड को अमेरिका पर हमला करने के लिए एक लॉन्चिंग पैड की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। अंततः अमेरिकी सैनिकों ने उन्हें बाहर निकाला और वहां दर्जनों ठिकाने स्थापित किए, रनवे बनाए और हजारों सैनिक तैनात किए। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भी अमेरिका कई बेस और शुरुआती चेतावनी रडार साइटें चलाता रहा। शीत युद्ध के अंत में उसने सभी को बंद कर दिया सिवाय एक के। अब इसे पिटुफिक स्पेस बेस कहा जाता है और यह उत्तरी ध्रुव के ऊपर से गुजरने वाली मिसाइलों पर नजर रखता है।

### एक नजर

| | |
|---|---|
| 1721 | डेनमार्क ने ग्रीनलैंड को उपनिवेश बनाया |
| 1916 | : अमेरिका ने यहां डेनमार्क की संप्रभुता को औपचारिक मंजूरी दी |
| 1951 | अमेरिका और डेनमार्क के बीच समझौता हुआ |
| 1979 | ग्रीनलैंड को स्वायत्त शासन की अनुमति मिली |
| 2004 | अमेरिका व डेनमार्क ने ग्रीनलैंड समझौते को संशोधित किया |

## क्या अगला कदम ग्रीनलैंड है?

पिछले सप्ताह अमेरिकी विशेष बलों द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके सुरक्षित ठिकाने से पकड़ने के बाद ट्रंप और भी उत्साहित दिख रहे हैं। उनके शीर्ष सलाहकार स्टीफन मिलर ने दावा किया कि ग्रीनलैंड संयुक्त राज्य का होना चाहिए और कोई भी अमेरिका से लड़ने नहीं आएगा। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मिलने का अनुरोध किया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह बैठक कब होगी या नहीं भी होगी। ट्रंप और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेते फ्रेडरिक्सन के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। ट्रंप ग्रीनलैंड को पाने की बात करते रहते हैं और फ्रेडरिक्सन झुकने से इनकार कर रही हैं। कुछ दिन पहले फ्रेडरिक्सन ने 1951 के समझौते का हवाला देते हुए कहा कि हमारे पास पहले से ही एक रक्षा समझौता है, जो अमेरिका को ग्रीनलैंड में व्यापक पहुंच देता है। उन्होंने अमेरिका से धमकियां बंद करने का आग्रह किया और कहा कि ग्रीनलैंड पर अमेरिकी हमला अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का अंत होगा। अब यदि अमेरिका इस रक्षा समझौते का बहाना बनाकर भारी संख्या में सैनिक भेजने या ग्रीनलैंड पर कब्ज़ा करने की कोशिश करे तो वह भी गैरकानूनी होगा।

## ग्रीनलैंड डेनिश का हिस्सा

2004 के संशोधन के अनुसार अमेरिका को ग्रीनलैंड में अपनी सैन्य गतिविधियों में किसी भी महत्वपूर्ण बदलाव से पहले डेनमार्क और ग्रीनलैंड से परामर्श करना होगा। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री कॉलिन पॉवेल द्वारा हस्ताक्षरित यह समझौता ग्रीनलैंड को डेनमार्क के साम्राज्य का समान हिस्सा मानता है। डेनिश रक्षा विश्लेषक पीटर एर्स्टवेड रासमुसेन कहते हैं कि व्यावहारिक रूप से यदि अमेरिका उचित अनुरोध करता है तो उसे हमेशा हां ही मिलती है। यदि ट्रंप वास्तव में ग्रीनलैंड की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं तो वह अब भी समझौते के ढांचे का उपयोग कर सकते हैं।

## ट्रंप की रुचि खनिजों में भी

ग्रीनलैंड की रणनीतिक स्थिति ही उन्हें आकर्षित नहीं कर रही। इस विशाल द्वीप का एक और बड़ा आकर्षण है महत्वपूर्ण खनिज, जो बर्फ के नीचे विशाल मात्रा में दबे हुए हैं। विश्लेषकों का कहना है कि इन्हें पाने के लिए भी अमेरिका को ग्रीनलैंड पर अधिकार करने की आवश्यकता नहीं है। ग्रीनलैंडवासियों ने कहा है कि वे कारोबार के लिए तैयार हैं।

# अमेरिकी कार्रवाई पर भारत की चुप्पी क्यों



**मुद्दा**

रवि शंकर

स्वतंत्र पत्रकार

वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका की कार्रवाई ने वैश्विक राजनीति को दो ध्रुवों में बांट दिया है। एक तरफ़ कई देश ऐसे रहे, जो अमेरिका की ओर से की गई कार्रवाई की घोर आलोचना कर रहे हैं, तो वहीं एक पक्ष ऐसा है, जो इसका समर्थन कर रहा है। मगर भारत दोनों में से किसी खेमे में नहीं है। भारत ने वेनेजुएला के घटनाक्रम पर जरूर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि भारत, वेनेजुएला की स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है। भारत ने कहा है कि सभी पक्षों को तमाम मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान करना चाहिए ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे।

साफ है, भारत के बयान में किसी का विरोध या समर्थन जैसा भाव नहीं है। मलेशिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों ने हमले पर खुलकर वेनेजुएला के प्रति एकजुटता दिखाई और अमेरिकी कार्रवाई का कड़े शब्दों में विरोध किया। सवाल यह है कि ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने का दावा करने वाला भारत इस मुद्दे पर अब तक मुखर क्यों नहीं हुआ? इस बात की संभावना कम ही दिख रही है कि भारत खुलकर वेनेजुएला का विरोध करेगा, लेकिन सत्ता परिवर्तन के लिए सैन्य दबाव का भी समर्थन नहीं करेगा। यह वही संतुलन है जो भारत अभी तक रूस-यूक्रेन युद्ध, ईरान-अमेरिका तनाव, इजराइल-फिलस्तीन संघर्ष में अपनाता आया है। भारत के किसी एक गुट के साथ न दिखने की ये नीति हाल की नहीं है। भारत की तटस्थता की जड़ें उसकी गुटनिरपेक्ष नीति में हैं, जिसकी नींव जवाहरलाल नेहरू ने रखी थी। उसके बाद की जितनी सरकारें आईं, सबने इस नीति का पालन अपने-अपने हिसाब से किया है। नेहरू का मानना था कि निंदा से ज़्यादा ज़रूरी है संवाद और समाधान। यही कारण है कि 1956 के हंगरी संकट से लेकर 2003 के इराक़ युद्ध और 2022 के यूक्रेन युद्ध तक, भारत ने अक्सर सार्वजनिक निंदा से दूरी बनाए रखी। यह नीति भारत को उन स्थितियों में लचीलापन देती है, जहां उसके साझेदार आपस में टकराव में हों। वेनेजुएला के मामले में भी भारत उसी ऐतिहासिक निरंतरता का पालन करता दिख रहा है। हालांकि, भारत की चुप्पी की एक वजह और भी है। दरअसल, भारत और अमेरिका के बीच इस समय द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है, जब डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिका पहले ही भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा चुका है। इसमें रूस से तेल खरीदने को लेकर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त जुर्माना भी शामिल है। भारत का मानना है कि इस मामले में उसे अलग तरह से निशाना बनाया गया, क्योंकि चीन और यूरोप भी रूस से तेल खरीदते रहे हैं, लेकिन उन पर वैसी कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में वेनेजुएला मुद्दे पर भारत के लिए अमेरिका के खिलाफ खुलकर बोलना आसान नहीं है।

**सवाल यह है कि ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने का दावा करने वाला भारत इस मुद्दे पर अब तक मुखर क्यों नहीं हुआ? इस बात की संभावना कम ही दिख रही है कि भारत खुलकर वेनेजुएला का विरोध करेगा, लेकिन सत्ता परिवर्तन के लिए सैन्य दबाव का भी समर्थन नहीं करेगा।**

बहरहाल, लैटिन अमेरिका के देश वेनेजुएला में अमेरिका के हमलों ने सिर्फ क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक कूटनीति को भी चिंता में डाल दिया है। इस संकट का असर उन देशों पर भी पड़ेगा, जिनके वेनेजुएला से रणनीतिक रिश्ते रहे हैं। तेल और व्यापार इसमें अहम है। अब सवाल यह है कि अगर अमेरिका-वेनेजुएला टकराव लंबा और हिंसक होता है तो भारत-वेनेजुएला संबंधों पर इसका क्या असर पड़ेगा? आर्थिक नजरिए से देखें तो भारत और वेनेजुएला के रिश्ते अब बहुत बड़े नहीं रह गए हैं। हालांकि, एक समय ऐसा था जब वेनेजुएला भारत के लिए तेल का बड़ा स्रोत था। भारत लंबे समय तक वेनेजुएला से कच्चा तेल आयात करता रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत ने आधिकारिक रूप से तेल आयात काफी हद तक घटा दिया, लेकिन ऊर्जा साझेदारी पूरी तरह खत्म नहीं हुई। दरअसल, भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करता है। भारत और वेनेजुएला के राजनीतिक संबंधों का सबसे मजबूत दौर 2005 में देखा गया, जब राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज भारत आए और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से बातचीत हुई। इसके बाद 2012 में निकोलस मादुरो, तब वेनेजुएला के विदेश मंत्री के रूप में, भारत आए थे। शावेज के निधन के बाद भी भारत ने शोक संदेश दिया और उनके अंतिम संस्कार में प्रतिनिधि भेजा। संभावना यही है कि भारत जल्दबाजी में कोई प्रतिक्रिया जाहिर किए बिना सही समय पर कूटनीतिक भाषा में अपनी चिंता जाहिर करेगा, ताकि न तो अमेरिका के साथ रिश्ते बिगड़े और न ही सिद्धांतों के मोर्चे पर उसकी स्थिति कमजोर हो।

# अमेरिकी मनमर्जी को रोकने के लिए विश्व एकजुट हो



**रणनीति**

उमेश चतुर्वेदी

स्वतंत्र पत्रकार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा है, "सिर्फ मेरा दिमाग ही मुझे रोक सकता है। मेरी अपनी नैतिकता और अपना दिमाग। यहीवे चीजें हैं, जो मुझे रोक सकती हैं। मुझे अंतरराष्ट्रीय कानून की परवाह नहीं है और न ही इसकी जरूरत।" तीन जनवरी को वेनेजुएला में की गई अमेरिकी कार्रवाई के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रंप का इन शब्दों का प्रयोग करना दुनिया के लिए निश्चित तौर पर डरावना है। ट्रंप और उनकी सोच पारंपरिक लोकतांत्रिक मुखौटाबाज राजनीति से अलग है, लिहाजा वे खुलकर ऐसा कह रहे हैं। सुपर पावर के रूप में स्थापित होने के बाद से ही अमेरिका की सोच और कार्यशैली ऐसी रही है। अफगानिस्तान में अमेरिकी कार्रवाई हो, खाड़ी युद्ध हो, सूडान स्थित अमेरिकी दूतावास पर आतंकी हमले के बाद अमेरिकी कार्रवाई हो, वियतनाम का युद्ध हो, ईरान पर कार्रवाई हो, हर जगह अमेरिका अपने हितों की रक्षा के लिए कार्रवाई करता रहा है। बेशक उसे कई बार मुंह की खानी पड़ी है।

हाल ही में ट्रंप के पूर्व राष्ट्रपति रहे डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन की सेनाएं अफगानिस्तान छोड़कर भाग खड़ी हुईं। वियतनाम का युद्ध लंबा चला था। इसे शुरू किया था डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने और जब अमेरिका वियतनाम युद्ध में फंसता नजर आया तो रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति रहे रिचर्ड निक्सन ने सेनाओं की वापसी कराई। कुवैत पर जब इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन ने हमला किया, तब जार्ज बुश सीनियर राष्ट्रपति थे। अमेरिका में एक धारणा रही है कि कुवैत पर कब्जे की कार्रवाई इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने अमेरिकी इशारे पर ही की थी। लेकिन जब मामला उल्टा पड़ गया तो जॉर्ज बुश सीनियर ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों की आड़ में ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों के साथ गठबंधन करके सैनिक कार्रवाई शुरू की। 1990 में अमेरिकी कार्रवाई के चलते इराकी गार्ड को कुवैत को खाली करना पड़ा। इसके बाद इराक अमेरिका का कट्टर दुश्मन बन गया। लंबे समय तक चले ईरान-इराक युद्ध के पीछे भी अमेरिकी हित काम कर रहे थे। तब दुनिया दो ध्रुवीय थी। एक तरफ सोवियत संघ की अगुआई में विश्व का एक बड़ा हिस्सा काम कर रहा था तो दूसरी ओर अमेरिकी के साथ नाटो देश सक्रिय थे।

**ट्रंप का यह कहना कि उनकी अपनी नैतिकता ही उन्हें किसी भी कार्रवाई से रोक सकती है। जहां उन्हें लगेगा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून मानना चाहिए, वहां उसे वे मान लेंगे और जहां नहीं लगेगा, वहां नहीं मानेंगे।**

इस संदर्भ में देखें तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का यह कहना कि उनकी अपनी नैतिकता ही उन्हें किसी भी कार्रवाई से रोक सकती है। ट्रंप ने यहां तक कहा है कि जहां उन्हें लगेगा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून मानना चाहिए, वहां तो उसे वे मान लेंगे और जहां नहीं लगेगा, वहां नहीं मानेंगे। अमेरिकी दादागिरी के इतिहास में ट्रंप का यह बयान दुनिया की सोच से आगे है। चीन, ब्राजील और भारत के खिलाफ वे टैरिफ युद्ध चला ही रहे हैं, रूस से तेल खरीदने के आरोप की आड़ में वे तीनों देशों पर अब 25 प्रतिशत की बजाय पांच सौ प्रतिशत टैरिफ थोपने की धमकी दे रहे हैं। ट्रंप की फितरत को देखते हुए उनसे कोई सकारात्मक उम्मीद रखना बेमानी ही है। भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रुकवाने को लेकर उनका कल्पित दावा हो या फिर ग्रीनलैंड, कोलंबिया, ईरान, मैक्सिको और क्यूबा को लेकर दी गई धमकी, सभी अमेरिकी दादागिरी का ही उदाहरण हैं। ट्रंप पहले ही कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कर चुके हैं और इस तरह अपने पड़ोसियों और यूरोप के अपने पारंपरिक सहयोगियो को ना सिर्फ आशंकित, बल्कि नाराज भी कर चुके हैं।

अमेरिकी दादागिरी पूरी दुनिया देखती और समझती रही है। एक साथ इतने मोर्चे खोल देने की ट्रंप की नीति के खिलाफ अमेरिका में ही आवाजें उठने लगी हैं। ट्रंप की मनमानी नहीं रुकी, अमेरिकी दादागिरी का ऐसा ही दौर उन्होंने जारी रखा तो आने वाले दिन दुनिया के लिए भले ही चुनौतीपूर्ण होंगे,अमेरिका भी कई तरह की चुनौतियों और वैश्विक प्रतिरोध को झेलने के लिए अभिशप्त हो जाएगा। शांति की चाहत रखने वाली दुनिया को अमेरिकी मनमर्जी पर कहीं न कहीं रोक तो लगानी ही होगी।

# वेनेजुएला मामले में रूस-चीन की सिर्फ बातें, कोई एक्शन नहीं



**कूटनीति**

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ स्तंभकार

बीती 3 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई में अमेरिकी सेना ने एक स्पेशल ऑपरेशन चलाया और वेनेजुएला के प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो को पकड़ लिया। मादुरो और उनकी पत्नी को काराकस से उठाकर अमेरिका ले गए। अमेरिका का कहना है कि वह नारको-टेररिज्म के खिलाफ था, क्योंकि वेनेजुएला से ड्रग्स और गैंग्स अमेरिका में आ रहे हैं, जो हजारों अमेरिकियों की जान ले रहे हैं। ट्रंप ने तो साफ-साफ कहा कि अब वेनेजुएला का तेल और दौलत अमेरिका को मिलेगी। ये एक तरह से सैन्य हमला था, जिसमें कुछ मौतें भी हुईं, और अब अमेरिका वहां तेल टैंकरों पर कब्जा कर रहा है। पूरी दुनिया में हंगामा मच गया, लेकिन रूस और चीन ने बस सांकेतिक निंदा की। ज्यादा कुछ किया नहीं। अब सवाल ये है कि इतने बड़े मसले पर ये दोनों सुपरपावर इतने हल्के क्यों रहे? इसके पीछे क्या कारण हो सकते हैं? सबसे पहले तो ये समझ लें कि रूस और चीन, दोनों ही वेनेजुएला के पुराने दोस्त हैं। मादुरो की सरकार को उन्होंने हमेशा सपोर्ट किया है। रूस ने तो वेनेजुएला में अरबों डॉलर का निवेश किया है, खासकर तेल और हथियारों में। चीन का भी वहां बड़ा खेल है। उसने उसे करीब 10-12 बिलियन डॉलर का कर्ज दिया है, और उससे तेल आयात करता है। जब अमेरिका ने हमला किया तो रूस ने यूएन सिक्योरिटी काउंसिल में कहा कि ये अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है, आक्रामकता है। चीन ने भी कहा कि वो सदमे में हैं। चीन ने मादुरो को फौरन रिलीज करने की मांग भी की। ईरान, क्यूबा, साउथ अफ्रीका जैसे देशों ने भी निंदा की। नोटिस करें, ये सब बस बातें हैं – कोई सैन्य मदद नहीं, कोई बड़ा एक्शन नहीं, कोई जंग की धमकी नहीं। असली कारण क्या हैं? चलो, एक-एक करके देखते हैं।



**रूस और चीन के लिए ये एक मौका है दुनिया को दिखाने का कि अमेरिका हाइपोक्राइट है। वेनेजुएला का मामला दिखाता है कि दुनिया बदल रही है, लेकिन अमेरिका अभी भी बॉस है।**

**कमजोरियां और व्यस्तताएं :** रूस तो अभी यूक्रेन युद्ध में फंसा हुआ है। जंग 2022 से चल रही है। जंग के कारण रूस की अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव है। अगर वो वेनेजुएला में कूदता, तो अमेरिका के साथ सीधा टकराव होने का खतरा है। वो अपना यूरोपियन फ्रंट संभाल रहा है, जहां यूक्रेन के जरिए नाटो से लड़ रहा है। वेनेजुएला दूर है, लॉजिस्टिक्स मुश्किल है। वहीं, चीन साउथ चाइना सी और ताइवान पर फोकस्ड है। अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर चल रहा है, इकोनॉमी स्लो हो रही है। विश्लेषकों का कहना है कि चीन अपने को कूटनीतिक विरोध जताने तक ही सीमित रखेगा।

**आर्थिक हित :** दोनों देशों के पास वेनेजुएला में निवेश हैं। चीन का तेल आयात वेनेजुएला से है, लेकिन वो सऊदी अरब, रूस और अन्य जगहों से भी लेता है। अगर अमेरिका वेनेजुएला का तेल कंट्रोल करता है, तो चीन को नुकसान होगा, लेकिन वो नए विकल्प ढूंढ लेगा। रूस भी वेनेजुएला को हथियार बेचता है, लेकिन उसकी मुख्य कमाई यूरोप और एशिया से है। अब अगर वो ज्यादा विरोध करता है,तो अमेरिका उनके निवेशों को टारगेट कर सकता था।

**वैश्विक रणनीति :** दोनों देश अमेरिका को चैलेंज करना चाहते हैं स्मार्ट तरीके से। वो अमेरिका की डॉलर डोमिनेंस को कम करना चाहते हैं,लेकिन सीधी जंग से नहीं। अगर एक्शन लेते हैं, तो तीसरे विश्व युद्ध का खतरा बढ़ सकता है। रूस और चीन जानते हैं कि अमेरिका की आर्मी अभी सबसे मजबूत है

**इंटरनेशनल लॉ :** यूएन में निंदा करके वो दिखा रहे हैं कि अमेरिका बिगडैल देश है, अंतरराष्ट्रीय कानून तोड़ रहा है। रूस और चीन के लिए ये एक मौका है दुनिया को दिखाने का कि अमेरिका हाइपोक्राइट है। वेनेजुएला का मामला दिखाता है कि दुनिया बदल रही है, लेकिन अमेरिका अभी भी बॉस है। अब देखना ये है कि आगे क्या होता है – क्या मादुरो रिलीज होगा, या अमेरिका वहां स्थायी अड्डा बना लेगा?

# अकूत तेल की अतृप्त ललक में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप



**दृष्टिकोण**

प्रभात कुमार रॉय

विदेशी मामलों के जानकार

विश्व पटल पर यक्ष प्रश्न उभर कर आया है कि आखिरकार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण अंजाम देने और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का अपहरण करने के पीछे वास्तविक मकसद क्या है? क्या वास्तव में ड्रग तस्करों के सरगना होने के संगीन इल्जाम में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का अमेरिका द्वारा अपहरण किया गया है? अथवा इसके पीछे क्या अन्य विशिष्ट कारण विद्यमान रहे हैं? तकरीबन साढ़े तीन करोड़ आबादी वाले वेनेजुएला में भारी तेल के अकूत भंडार मौजूद हैं। तेल संपदा के अतिरिक्त रेयर मिनरल्स का भी विराट भंडार वेनेजुएला में विद्यमान है, जिसमें कॉपर, चांदी, सोना, आदि शामिल हैं। वेनेजुएला का तेल वस्तुत भारी किस्म का तेल माना जाता है। अमेरिका की सरजमीं में जो तेल विद्यमान है, वह तो बहुत हल्के किस्म का तेल है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानून का घनघोर उल्लंघन करते हुए एक संप्रभु राष्ट्र वेनेजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का आक्रामक तौर पर अपहरण अंजाम दिया गया।

वेनेजुएला में अमेरिकन तेल कंपनियों ने बड़े पैमाने पर पूंजी निवेश किया और वेनेजुएला के तेल भंडारों से तेल का बड़ी मात्रा में दोहन भी किया। 1976 को कार्लोस आंद्रेस पेरेज नामक राष्ट्रपति वेनेजुएला में सत्तानशीन हुआ, जिसके द्वारा तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। इसके बावजूद अनेक अमेरिकन तेल कंपनियां वेनेजुएला में तेल का दोहन निरंतर करती रहीं। 1999 ह्यूगो शावेज नामक एक साम्यवादी फितरत का राष्ट्रपति वेनेजुएला की राजसत्ता पर आसीन हुआ और उसके द्वारा अमेरिकन तेल कंपनियां को वेनेजुएला से निकाल बाहर किया गया। राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज की अत्यधिक निकटता साम्यवादी क्यूबा और चीन जैसे वामपंथी मुल्कों के साथ अत्यंत घनिष्ठता के साथ स्थापित हो गई। 2013 में ह्यूगो शावेज की मृत्यु हो गई और उसके उत्तराधिकारी के तौर पर निकोलस मादुरो वेनेजुएला के राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो द्वारा भी ह्यूगो शावेज की कठोर वामपंथी नीतियों का बाकायदा अनुसरण जारी रखा गया। साम्यवादी क्यूबा की तरह वेनेजुएला भी अमेरिका की आंखों का विकट कांटा बन गया और वेनेजुएला पर भी अमेरिकन हुकूमत द्वारा कड़े आर्थिक प्रतिबंध आयद कर दिए गए। अमेरिका व्यावहारिक तौर पर समस्त लैटिन अमेरिका को अपने प्रभाव क्षेत्र वाला गलियारा मानता है। आज के दौर में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा वेनेजुएला में सैन्य दखल दोते हुए साम्राज्यवाद विरोधी मुनरो डॉक्ट्रिन का हवाला दिया जाना, वस्तुत नव- साम्राज्यवादी व्यवहार करते हुए एक विद्रुपता के अलावा कुछ भी नहीं है। वेनेजुएला पर आक्रमण के पीछे वस्तुतः एक टायकून बिजनेसमैन की पृष्ठभूमि से दूसरी दफा अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए डोनाल्ड ट्रंप का वास्तविक मकसद वेनेजुएला के अकूत तेल भंडार को सैन्य शक्ति के बल पर हथियाना है। राष्ट्रपति ट्रंप की सोच समझ में दूरदर्शी राजनीति निहित नहीं है ना ही कुशल कूटनीति निहित है, डोनाल्ड ट्रंप की नीति और नियत में अमेरिका के लिए केवल दौलत का लोभ लालच निहित रहता है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बुलंद किए गए अमेरिका ग्रेट अगेन निर्मित करने के मकसद के पीछे केवल अमेरिका को और अधिक दौलतमंद बनाना है।



**राष्ट्रपति ट्रंप की सोच में दूरदर्शी राजनीति या कूटनीति निहित नहीं है, उनकी नीति और नियत में अमेरिका के लिए केवल दौलत का लोभ लालच निहित रहता है।**

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के अपहरण के पश्चात उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज वेनेजुएला के राष्ट्रपति पद की शपथ ली है। वेनेजुएला की संसद में डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा है कि हम ऊर्जा क्षेत्र की महाशक्ति हैं। इसी कारण से हमको बहुत सारी समस्याओं का सामना करना है। सारी दुनिया जानती है कि अमेरिका का ऊर्जा लालच हमारे देश के संसाधनों पर कब्जा करना चाहता है। वेनेजुएला की हुकूमत पर मादक पदार्थ तस्करी और लोकतंत्र मानव अधिकार से जुड़े हुए सभी झूठे दावों का उन्होंने खंडन किया। वेनेजुएला ऐसे तमाम ऊर्जा संबंधों के लिए खुला है, जहां सभी पक्षों को फायदा हो और यही हमारे ऊर्जा संबंधों की विविधता भी है।

डोनाल्ड ट्रंप का आर्थिक लोभ लालच आखिरकार अमेरिका के लिए खतरनाक भी सिद्ध हो सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने जब कोलंबिया के वामपंथी राष्ट्रपति गुस्ताव पेट्रो को भी परिणाम भुगतने की चेतावनी दी तो फिर गुस्ताव पेट्रो ने पलटवार करते हुए कहा कि अमेरिकन राष्ट्रपति को जान लेना चाहिए कि लैटिन अमेरिका साम्राज्यवाद के विरुद्ध बहुत लंबी लड़ाई लड़कर आजाद हुआ है। लैटिन अमेरिकन देश अमेरिकन नव साम्राज्यवाद के विरुद्ध भी छापामार युद्ध के लिए मजबूर हो जाएंगे।

## सबालेंका ने मुचोवा को हराया, फाइनल में बनाई जगह




एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

विश्व नंबर एक एरीना सबालेंका ने ब्रिसबेन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में कैरोलिना मुचोवा को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा चैंपियन सबालेंका ने पैट राफ्टर एरिना में खेले गए मुकाबले में चौथे मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज की। सबालेंका के सामने रविवार को होने वाले फाइनल में मार्ता कोस्तयुक की चुनौती होगी। मार्ता ने चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 6-0, 6-3 से हराकर रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इससे पहले शुक्रवार को सबालेंका ने मैडिसन कीज़ को 6-3, 6-3 से मात दी थी। कीज ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम महिला एकल खिताब जीता था। ब्रिसबेन में चल रहे पुरुष वर्ग के टूर्नामेंट में अमेरिका के दो खिलाड़ियों के बीच हुए सेमीफाइनल में ब्रैंडन नकाशिमा ने एलेक्जेंडर कोवासेविच को 7-6 , 6-4 से हराया।

## एलिना स्वितोलिना की फाइनल में एंट्री, अब शिंजु से मुकाबला




एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने अमेरिकी युवा इवा जोविक को 7-6 (5), 6-2 से हराकर दूसरी बार ऑकलैंड डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज स्वितोलिना इससे पहले 2024 में भी इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थीं, जिसमें उन्हें अमेरिकी स्टार कोको गॉफ से हार का सामना करना पड़ा था। अब रविवार को होने वाले फाइनल में स्वितोलिना का मुकाबला चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त वांग शिंजु से होगा। वांग ने दूसरे सेमीफाइनल में फिलीपींस की चौथी वरीय एलेक्जेंड्रा ईला को 5-7, 7-5, 6-4 से हराया।

## बेलिंडा का शानदार प्रदर्शन, पहली बार फाइनल में स्विट्जरलैंड




एजेंसी ▶▶| सिडनी

बेलिंडा बेनसिच ने सप्ताह का अपना आठवां मुकाबला जीतते हुए निर्णायक मिश्रित युगल में याकूब पॉल के साथ मिलकर बेल्जियम की एलिस मर्टेंस और जिजू बर्ग्स की जोड़ी को 6-3, 0-6, 10-5 से हराकर स्विट्जरलैंड को यूनाइटेड कप के फाइनल में पहुंचा दिया। इस टीम स्पर्धा में बेनसिच ने इस सप्ताह अपने चारों एकल मुकाबले और चारों मिश्रित युगल मैच जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है। बेनसिच ने इससे पहले मर्टेंस को 6-3, 4-6, 7-6 से हराकर सत्र की अपनी अपराजेय एकल जीत का सिलसिला बरकरार रखा और स्विट्जरलैंड को 1-0 की बढ़त दिलाई। सत्र के अंत में संन्यास लेने जा रहे स्टान वावरिंका को बर्ग्स ने 6-3, 6-7 (4), 6-3 से हराकर मुकाबला मिश्रित युगल तक पहुंचा दिया। रविवार को खेले जाने वाले फाइनल में स्विट्जरलैंड के सामने अमेरिका और पोलैंड के बीच खेले जा रहे सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी।

## खबर संक्षेप



### कोच जेलेज्नी से अलग हुए चोपड़ा, करार किया खत्म

**नई दिल्ली।** भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने चेक गणराज्य के दिग्गज कोच जान जेलेज्नी के साथ अपनी साझेदारी को एक ही सत्र के बाद समाप्त करने की घोषणा की। चोपड़ा ने जेलेज्नी के साथ करार खत्म करने का कारण नहीं बताया लेकिन कहा कि यह सफर 'प्रगति, सम्मान और खेल के प्रति साझा लगाव' से भरा रहा। जेलेज्नी के नाम इस खेल का विश्व रिकॉर्ड है और इस प्रतिष्ठित दिग्गज के मार्गदर्शन में चोपड़ा ने पिछले साल पहली बार 90 मीटर का थ्रो फेंका था।

### गेंदबाजी एक्शन को लेकर जमां खान जांच के दायरे में

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज जमां खान बिग बैश लीग (बीबीएल) के एक मैच के दौरान अपने 'स्लिंगशॉट' गेंदबाजी एक्शन को लेकर जांच के दायरे में आ गए। सिडनी थंडर के लिए 82 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वॉर्नर को बार बार जमां के गेंदबाजी एक्शन पर सवाल उठाते और इस गेंदबाज का सामना करने के बाद मैदानी अंपायर से इस मुद्दे को उठाते देखा गया। पाक के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी की जगह ब्रिस्बेन हीट से जुड़े जमां सत्र के अपने पहले मैच में संघर्ष करते नजर आए और उन्होंने तीन ओवर में 32 रन लुटा दिए।

## न्यूजीलैंड टीम में नए और युवा खिलाड़ियों की भरमार

# रो-को से बड़ी पारी की आस, आज से न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज

दूसरा वनडे 14 जनवरी को राजकोट और 18 जनवरी को इंदौर में तीसरा वनडे

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में रविवार 11 जनवरी को खेले जाने वाले शुरुआती मैच में भारतीय टीम विराट कोहली और रोहित शर्मा की शानदार लय के साथ आगे बढ़ने की उम्मीद करेगी। न्यूजीलैंड की टीम नए और युवा खिलाड़ियों की भरमार है लेकिन पूरी ताकत के साथ उतर रही भारतीय टीम के लिए रोहित और कोहली के नजरिए से श्रृंखला अहम है। अगले महीने वाली टी20 विश्व कप के कारण वनडे श्रृंखला की अहमियत थोड़ी कम है लेकिन अगले सात दिनों में होने वाले तीन वनडे मैचों में कोहली और रोहित आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दोनों दिग्गजों को हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी के लीग चरण में अच्छा मैच अभ्यास मिला है। उन्होंने इस घरेलू टूर्नामेंट में बड़े स्कोर बनाकर यह जता दिया कि उनका दौर अभी खत्म नहीं हुआ है।

### जडेजा ने किया पूरे दमखम के साथ अभ्यास

रविंद्र जडेजा ने पूरे दमखम के साथ अभ्यास किया, जिससे उनकी उपलब्धता के संकेत मिले। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या को टी20 प्रतिबद्धताओं के मद्देनजर एकदिवसीय श्रृंखला से आराम दिया गया है। ऐसे में तेज गेंदबाजी का दारोमदार मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा पर रहेगा। कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर और जडेजा स्पिन विभाग संभालेंगे। शाम की ओस और सपाट पिचों की प्रकृति को देखते हुए इस प्रारुप में आक्रामक विकेट लेने की बजाय रन रोकने पर अधिक जोर रहेगा यह पहला मौका होगा जब कोटाम्बी स्थित बड़ौदा क्रिकेट संघ के नए स्टेडियम में पुरुषों का कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले यह मैदान भारत और वेस्टइंडीज के बीच महिला वनडे श्रृंखला की मेजबानी कर चुका है।



**टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड:** माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), डेवोन कॉन्वे , मिचेल हे (विकेटकीपर), निक केली, हेनरी निकोल्स, विल यंग, जोश क्लार्कसन, जैक फॉल्क्स, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, आदित्य अशोक, क्रिस्टियन क्लर्क, काइल जैमीसन, जेडन लेनॉक्स, माइकल रे।

### खिलाड़ियों ने नेट में बहाया पसीना

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपनी बल्लेबाजी में सुधार करके वनडे टीम में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला से पहले शनिवार को रोहित शर्मा से बल्लेबाजी के टिप्स लिए जबकि ऋषभ पंत को अभ्यास सत्र के दौरान चोट लगने के बाद थोड़ी देर के लिए उपचार लेने की जरुरत पड़ी। रोहित तब नेट के बाहर इंतजार कर रहे थे



जब जल्दी बल्लेबाजी करने के लिए उतरे सिराज गेंद को जोर से मारने की कोशिश में चूक गए। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने फिर तेज गेंदबाज को कुछ टिप्स दिए।

### सैंटनर इंजरी के कारण श्रृंखला से बाहर

नियमित कप्तान मिचेल सैंटनर ग्रोइन इंजरी के कारण वनडे श्रृंखला से बाहर हैं, जबकि टॉम लाथम अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए हैं। पूर्व कप्तान केन विलियमसन दक्षिण अफ्रीका में एसए 20 लीग में अपनी टी20 प्रतिबद्धताओं को निभा रहे हैं। रचिन रवींद्र और तेज गेंदबाज जैकब डफी को आराम दिया गया है। पिंडली की चोट से वापसी कर रहे मैट हेनरी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए टी20 श्रृंखला पर ध्यान दे रहे है। इस दौरान लंबे कद के हरफनमौला काइल जैमीसन और 23 वर्षीय लेग स्पिनर आदित्य अशोक के प्रदर्शन पर भी नजरें रहेंगी। जेडन लेनॉक्स को सैंटनर के समान विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड टीम में कई नए और अनुभवहीन चेहरों के बीच डेवोन कॉन्वे, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, विल यंग और ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी से बल्लेबाजी मजबूत है।

## तकदीर में जो होगा उसे कोई मुझसे छीन नहीं सकता: गिल



**वडोदरा।** टी20 विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बाद भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि वह चयनकर्ताओं के फैसले का सम्मान करते हैं और जब भी मौका मिलेगा अपनी पूरी क्षमता के साथ योगदान देने की कोशिश करेंगे। गिल को अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए नहीं चुना गया लेकिन 26 साल का यह खिलाड़ी खेल के दो अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रारुप में भारत का नेतृत्व करता रहेगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती वनडे से पहले गिल ने कहा, ' मैं वहीं हूं, जहां मुझे होना है। मेरी तकदीर में जो लिखा है उसे कोई मुझसे नहीं छीन सकता। एक खिलाड़ी हमेशा यह मानता है कि वह देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देगा। चयनकर्ताओं ने अपना निर्णय लिया है।

## बेंगलुरु ओपन 2026: पेड्रो मार्टिनेज ने एकल खिताब जीता

**बेंगलुरु।** स्पेन के शीर्ष वरीय पेड्रो मार्टिनेज ने शनिवार को यहां एकल फाइनल में कजाखस्तान के टिमोफे स्केटोव को 7-6(5), 6-3 से हराकर बेंगलुरु ओपन 2026 का खिताब जीत लिया। मार्टिनेज को इस जीत के लिए 33,650 अमेरिकी डॉलर का नकद पुरस्कार मिला। वहीं कोलंबियाई निकोलस बैरिएंटोस और अमेरिकी बेंजामिन किट्टे की जोड़ी ने फ्रांस के आर्थर रेमंड और लुका सांचेज को 7-6(9), 7-5 से हराकर युगल खिताब जीतकर 9,900 अमेरिकी डॉलर का नकद पुरस्कार हासिल किया।

## डब्ल्यूपीएल: गुजरात जायंट्स ने जीत के साथ किया आगाज

**खास बातें**

- गुजरात की कप्तान गार्डनर ने 42 गेंद में बनाए 65 रन
- फीबी लिचफील्ड यूपी वॉरियर्ज की तरफ से सर्वोच्च स्कोरर रही



एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

एश्ले गार्डनर की कप्तानी पारी के दम पर गुजरात जायंट्स ने डब्ल्यूपीएल 2026 में जीत के साथ आगाज किया। उसने चौथे सीजन के दूसरे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज को 10 रन से मात दी। डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए मैच में रनों की बारिश देखने को मिली। एश्ले गार्डनर के 41 गेंद में 65 और अनुष्का शर्मा (44) की आतिशी पारियों से चार विकेट पर 207 रन का स्कोर बनाया। फिर बॉलिंग में एकजुट प्रदर्शन से यूपी को आठ विकेट पर 197 रन पर रोक दिया। उसकी तरफ से फीबी लिचफील्ड ने 78 रन की आतिशी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी ने किरण नवगिरे (1) को पहले ही ओवर में गंवा दिया। वह रेणुका सिंह की गेंद पर बोल्ड हुई। लेकिन कप्तान मेग लैनिंग (30) और लिचफील्ड ने मिलकर टीम को संभाला। दोनों ने ही तेजी से रन जुटाते हुए गुजरात पर दबाव बनाया। दूसरे विकेट के लिए लैनिंग-लिचफील्ड के बीच 70 रन की साझेदारी हुई। लैनिंग 27 गेंद में पांच चौकों से 30 रन बनाने के बाद जॉर्जिया वारहैम की शिकार बनी। यूपी ने हरलीन देओल (0) और दीप्ति शर्मा (1) तीन गेंद में आउट हो गई। इससे यूपी की पारी बेपटरी हुई।

### गुजरात की तेज शुरुआत

गुजरात को बेथ मूनी और सॉफी डिवाइन की जोड़ी ने तेज शुरुआत दी. दोनों ने 4.1 ओवर में 41 रन जोड़े। मूनी खुलकर नहीं खेल पाई वह 12 गेंद में 13 रन बनाने के बाद पहले विकेट के रूप में आउट हुई। सॉफी एकलेस्टन को उनका विकेट मिला। डिवाइन ने 20 गेंद में पांच चौकों व दो छक्कों से 38 रन बनाए। उनके जाने के बाद अनुष्का शर्मा और कप्तान गार्डनर ने तीसरे विकेट के लिए तूफानी अंदाज में 103 रन की साझेदारी की। शुरू में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने समय लिया लेकिन एक बार आंखें जमने के बाद उन्होंने रनगति को सुपरफास्ट कर दिया।

## मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया

**हरमनप्रीत- ब्रंट चमकीं**

**नवी मुंबई।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 74) के अर्धशतक, नटाली साइवर ब्रंट (70 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और निकोला कैरी की शानदार गेंदबाजी से मुंबई इंडियंस ने शनिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से हरा दिया। मुंबई इंडियंस के चार विकेट पर 195 रन के प्रतिस्पर्धी स्कोर के जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम चिनेली हेनरी (33 गेंद में 56 रन) के अर्धशतक के



बावजूद 19 ओवर में 145 रन पर सिमट गई। कैरी और अमेलिया केर के तीन तीन विकेट झटके। साइवर ब्रंट ने अर्धशतकीय पारी खेलने के अलावा दो विकेट भी अपने नाम किए। शबनीम इस्माइल को एक विकेट मिला जबकि संस्कृति गुप्ता ने अपने एकमात्र ओवर में अंतिम विकेट झटका। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खराब प्रदर्शन के एक दिन बाद 33 वर्षीय ऑलराउंडर साइवर ब्रंट ने शानदार वापसी करते हुए 46 गेंद की पारी में 13 चौके जड़े। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत के साथ मिलकर मौजूदा चैंपियन की पारी को संभाला। हरमनप्रीत ने भी आक्रामक बल्लेबाजी की और अपनी नाबाद 42 गेंद की पारी में आठ चौके और तीन छक्के लगाए।

## सेमीफाइनल में वांग से हारी सिंधू, टूर्नामेंट में भारत का सफर समाप्त

**कुआलालंपुर।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू का शानदार सफर सत्र के पहले मलेशिया ओपन सुपर 1000 के महिला एकल सेमीफाइनल में चीन की वांग झियी से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू विश्व नंबर दो खिलाड़ी के दबाव को झेल नहीं पाई और 6-21, 15-21 से हार गई। उन्होंने मुकाबले में कई गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा पिछले साल अक्टूबर से पैर की चोट के कारण मैदान से बाहर रहीं सिंधू अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही थीं। वह दूसरे गेम में एक समय 11-6 की बढ़त के साथ वापसी कर रही थी लेकिन उन्होंने इसे गंवा दिया। इस हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का सफर भी समाप्त हो गया।



### सिंधू ने शुरुआत में प्रतिद्वंद्वी को दी कड़ी चुनौती

सिंधू ने शुरुआत में बेहतर रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दी। उन्होंने दमदार शॉट्स लगाए और अपनी लंबी पहुंच का प्रभावी उपयोग किया।

## निकहत व लवलीना ने खिताब जीते हुसामुद्दीन की गोल्ड जीतकर वापसी

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

निकहत ज़रीन और लवलीना बोरगोहेन ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जबकि चोटिल होने के कारण लंबे समय बाद वापसी करने वाले विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन ने पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) ने 12 स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करके अपना दबदबा कायम रखा, जिसमें पुरुषों के वर्ग में नौ स्वर्ण पदक शामिल हैं। हुसामुद्दीन ने कड़े मुकाबले वाले फाइनल में सेना के अपने साथी मुक्केबाज और



60 किलोग्राम वर्ग के मौजूदा चैंपियन सचिन सिवाच को 3-2 के विभाजित फैसले में हराकर स्वर्ण पदक जीता। उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की। मुकाबला समाप्त होने के बाद थोड़ी देर के लिए भ्रम की स्थिति पैदा हो गई जब परिणाम पहले सचिन के पक्ष में घोषित किया गया, लेकिन कुछ ही क्षणों बाद इसे ठीक कर दिया गया। हुसामुद्दीन ने जीत के बाद कहा, ''यह खिताब मेरे लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि इस साल कई टूर्नामेंट होने वाले हैं। इसके अलावा चोट के बाद वापसी करने पर मुझे यह साबित करना था कि मैं अभी भी अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं।'' विश्व कप के पदक विजेता जदुमणि सिंह ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए 55 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ पुरुषों के बाद भी चुना गया। मणिपुर के इस 21 वर्षीय मुक्केबाज ने सेमीफाइनल में दो बार के ओलंपियन और 2019 की विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल को पराजित किया था। फाइनल में उन्होंने सेना के अपने साथी पवन वर्त्वाल को हराया। सेना के आदित्य प्रताप ने 65 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में हिमाचल प्रदेश के मौजूदा चैंपियन अभिनश जमवाल को 3-2 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

## अंडर19 : सूर्यवंशी ने स्कॉटलैंड के खिलाफ वॉर्म अप मुकाबले में लगाए 9 चौके और 7 छक्के

# वैभव ने 192 की स्ट्राइक रेट से जड़े 96 रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी का अंडर 19 वर्ल्ड कप से पहले जबरदस्त खेल जारी है। उन्होंने टीम इंडिया के पहले वॉर्म अप मुकाबले में स्कॉटलैंड के खिलाफ 96 रन की आतिशी पारी खेली। वैभव सूर्यवंशी ने ओपन करते हुए 50 गेंद का सामना किया और नौ चौके व सात छक्के उड़ाए। उनकी स्ट्राइक रेट 192 की रही। सूर्यवंशी का यह लगातार तीसरा फिफ्टी प्लस स्कोर रहा।

इससे पहले साउथ अफ्रीका दौरे पर तीन वनडे की सीरीज में भी उन्होंने धूम मचाई थी। सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने भारत के लिए ओपनिंग की। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए सात ओवर में 70 रन की साझेदारी हुई। कलाई की चोट से उबर कर लौटे म्हात्रे ने



19 गेंद खेली और चार चौकों से 22 रन बनाए। सूर्यवंशी ने छक्का लगाकर 27 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उनके और एरॉन वर्गीज के बीच दूसरे विकेट के लिए 78 रन की पार्टनरशिप हुई। मनु सारस्वत की गेंद को उड़ाने की कोशिश में सूर्यवंशी आउट हुए।

### वर्गीज,मल्होत्रा और कुंडु ने लगाए अर्धशतक

सूर्यवंशी के अलावा वर्गीज (61), विहान मल्होत्रा (77) और अभिज्ञान कुंडु (55) ने भी अर्धशतक लगाया। इससे टीम इंडिया ने 350 रन का आंकड़ा पार किया और आठ विकेट पर 374 रन का स्कोर बनाया। भारत का अगला वॉर्म अप मुकाबला 12 जनवरी को न्यूजीलैंड के साथ है।

### वैभव ने साउथ अफ्रीका दौरे पर मचाया था धमाल

इससे पहले सूर्यवंशी ने साउथ अफ्रीका दौरे पर 11, 68 और 127 रन की पारियां खेली थी। वह पहले मुकाबले में ज्यादा कुछ नहीं कर पाए लेकिन अगले दो मैचों में उनका तूफानी प्रदर्शन देखने को मिला। आखिरी वनडे में सूर्यवंशी ने केवल 74 गेंद में 127 रन कूट दिए थे। तब उन्होंने नौ चौके व 10 छक्के लगाए। सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने के बाद से कमाल का प्रदर्शन किया है। वे तब सबसे कम उम्र में इस लीग में खेलने और शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। इसके बाद उन्होंने अंडर 19 टीम इंडिया के लिए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में भी तूफानी पारियां खेली थी। हाल ही में बिहार की तरफ से खेलते हुए विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने 190 रन की पारी खेली थी।




## चार दिन तक देश की सांस्कृतिक चेतना का उत्सव चलेगा

# ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बन रहा सोमनाथ, आस्था के महासागर में 5 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचेंगे

मनोज वर्मा ▶▶ सोमनाथ

सनातन आस्था, राष्ट्र गौरव और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक सोमनाथ मंदिर इन दिनों ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बन रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर चार दिनों तक चलने वाले इस भव्य आयोजन में देशभर से लाखों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर्व में शामिल होकर इसे राष्ट्रीय गौरव से जोड़ दिया है। मंदिर प्रांगण और समुद्र तट क्षेत्र को भव्य रूप से सजाया गया है।

"ॐ नमः शिवाय" और "हर-हर महादेव" के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को देखते हुए जामनगर के काशी विश्वनाथ मंदिर में 72 घंटों से लगातार अखंड मंत्रोच्चारण चल रहा है। सोमनाथ पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की संस्कृतिक आत्मा का उत्सव बन गया है। देश के प्रसिद्ध भजन गायक, लोक कलाकार और सांस्कृतिक मंडलियां यहां अपनी प्रस्तुतियां दे रही हैं। समुद्र की लहरों के साथ गूंजते भजन, दीपों की रोशनी में सजा मंदिर परिसर और हर आयु वर्ग के श्रद्धालुओं की उपस्थिति से सोमनाथ इन दिनों जीवंत इतिहास बन चुका है।

*प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर्व में शामिल होकर इसे राष्ट्रीय गौरव से जोड़ा*

**सुरक्षा यातायात, दर्शन व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विशेष इंतजाम**



### शौर्य यात्रा मार्ग पर बनाए 20 मंच

'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' को चरितार्थ करते हुए शंख सर्कल से हमीरजी सर्कल तक शौर्य यात्रा मार्ग पर कुल लगभग 20 मंच बनाए गए हैं। इन मंचों पर कर्नाटक, पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से पूर्व शौर्य यात्रा मार्ग पर राज्य भर के कलाकारों द्वारा यक्षगान, कुचिपुड़ी नृत्य, मणियारो रास, भरतनाट्यम सहित विविधता में एकता को दर्शाने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

**मोदी की गुजरात की तीन दिवसीय यात्रा शुरू, सोमनाथ हेलीपैड पर भावपूर्ण स्वागत**

### सोमनाथ मंदिर में महाआरती की

**गांधीनगर।** पीएम मोदी ने शनिवार को गुजरात की अपनी तीन दिवसीय यात्रा की शुरूआत की। मोदी द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव के सान्निध्य में आयोजित हो रहे 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में शामिल होने के लिए शनिवार शाम सोमनाथ पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया। यहां रोड शो किया। इसके बाद सोमनाथ मंदिर पहुंचे। सोमेश्वर महादेव की महाआरती की। 72 घंटे चलने वाले ऊं जाप में शामिल होकर ऊं जाप भी किया। इसके बाद पीएम ने ड्रोन शो भी देखा, जिसमें 3 हजार ड्रोन से सोमनाथ गाथा प्रस्तुत की गई।

### प्रधानमंत्री आज सोमनाथ में भरेंगे हुंकार



- दर्शन से लेकर जनसभा तक कई कार्यक्रम

**सोमनाथ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को सोमनाथ नगरी के दौरे पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री धार्मिक, सांस्कृतिक और जनसंपर्क से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसे लेकर पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नए भारत और नए सोमनाथ स्वाभिमान के लिए हुंकार भरेंगे। रविवार का दिन सोमनाथ आस्था के लिए ही नहीं राजनीतिक दृष्टि से भी अहम रहने वाला है। मोदी के संबोधन पर सबकी नजरें जमी हुई हैं। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर आरती में हिस्सा लिया और भू देवों से भी मिले। इसके बाद दें प्रेजेंटऐशन भी देखी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री सुबह 9:00 बजे सोमनाथ महादेव के दर्शन करेंगे। इसके बाद सुबह 10:00 बजे 'शौर्य यात्रा' में शामिल होंगे, जो सांस्कृतिक गौरव, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान का प्रतीक मानी जा रही है। इसके पश्चात सुबह 10:30 बजे प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे, जहां वे देश और प्रदेश से जुड़े अहम मुद्दों पर अपना संदेश देंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सोमनाथ मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों को सजाया गया है।

## खबर संक्षेप

### 30 सेकंड में लूटी 2 करोड़ की ज्वेलरी

**खंडवा।** यहां सराफा कारोबारी पर जानलेवा हमला कर फिल्मी स्टाइल में करीब 2 करोड़ कीमत का सोने-चांदी का माल लूट लिया गया। 7 बदमाशों ने व्यापारी पर अचानक हमला कर घायल कर जेवर से भरा बैग छीन लिया। कुछ लोगों ने पीछा करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। साप्ताहिक हाट और मेले की भीड़ का फायदा उठाकर 7 बदमाशों ने सराफा राकेश सोनी पर उस समय हमला कर दिया जब वे दुकान बंद कर, बैग में सोने-चांदी का सामान रखकर घर जा रहे थे।

### जयपुर-रेस लगा रही ऑडी ने 16 को रौंदा

**जयपुर।** जयपुर में शुक्रवार रात रेसिंग कर रहे एक ऑडी कार ने कहर मचा दिया। मानसरोवर के भीड़भाड़ वाले इलाके में 120 की रफ्तार से दौड़ रही ऑडी कार पहले बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई, फिर सड़क किनारे लगी फूड स्टॉल्स में घुस गई। इस दौरान वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। कार करीब 16 लोगों को रौंदते हुए एक पेड़ से टकराकर रुकी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। चार लोग घायल हैं। ऑडी में ड्राइवर सहित 4 लोग बैठे थे। इनमें जयपुर पुलिस का सिपाही भी है। भीड़ ने एक कार सवार को पकड़ लिया।

### 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद' के उद्घाटन समारोह को किया संबोधित

# जंग दुश्मन का मनोबल तोड़ने के लिए हम लड़ते हैं : डोभाल

**हम मनोरोगी नहीं कि शव देखकर खुशी मिले**

*हमें हर क्षेत्र में भारत को मजबूत बनाना है, युवाओं से कहा कि आप अपनी इच्छाशक्ति बढ़ा सकते हैं। वहीं राष्ट्रीय शक्ति बन जाती है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा कि युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं। उन्होंने कहा, 'हम साइकोपैथ (मनोरोगी) नहीं हैं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले। लड़ाइयां इसके लिए नहीं लड़ी जातीं। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी देश का मनोबल तोड़ने के लिए लड़े जाते हैं, ताकि वह हमारी शर्तों पर आत्मसमर्पण करे और हम अपने लक्ष्य हासिल कर सकें। अजीत डोभाल ने शनिवार को नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्घाटन समारोह के दौरान ये बाते कहीं। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप अपनी इच्छाशक्ति बढ़ा सकते हैं। वही इच्छाशक्ति राष्ट्रीय शक्ति बन जाती है। दुनिया में हो रहे सभी युद्ध और संघर्षों को देखें तो साफ है कि कुछ देश दूसरों पर अपनी इच्छा थोपना चाहते हैं। इसके लिए अपनी ताकत का प्रयोग कर रहे हैं। अगर कोई देश इतना शक्तिशाली है कि कोई उसका विरोध न कर सके तो वह हमेशा स्वतंत्र रहेगा। लेकिन अगर संसाधन और हथियार हों, पर मनोबल न हो तो सब कुछ बेकार हो जाता है।



### आत्मविश्वास नहीं, तो सारी शक्ति और हथियार बेकार, आप शक्तिशाली हैं तो स्वतंत्र रह सकेंगे

डोभाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी इस देश को ऐसे मुकाम पर ले गए हैं कि अगर यह ऑटोपायलट पर भी चलता रहे, तो भी यह विकसित भारत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में चल रहे सभी संघर्ष और युद्ध इसलिए हैं क्योंकि कुछ देश दूसरों पर अपनी इच्छा थोपना चाहते हैं और इसके लिए अपनी पूरी शक्ति का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन अगर आप शक्तिशाली हैं, तो आप स्वतंत्र रहेंगे। अगर आत्मविश्वास नहीं है, तो सारी शक्ति और हथियार बेकार हैं। आज हमारे देश में ऐसा नेतृत्व होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उनकी प्रतिबद्धता, समर्पण और कड़ी मेहनत हम सभी के लिए प्रेरणा है। जैसा कि नेपोलियन ने एक बार कहा था कि मैं एक भेड़ के नेतृत्व में 1000 शेरों से नहीं डरता, बल्कि एक शेर के नेतृत्व में 1000 भेड़ों से डरता हूं।

### स्वतंत्रता के लिए कई लोगों ने जान दी

एनएसए डोभाल ने कहा कि यह भारत वैसा स्वतंत्र नहीं था जैसा आप आज देखते हैं। हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिए, अपमान सहे और कई लोगों को फांसी दी गई। भगत सिंह को फांसी दी गई, सुभाष चंद्र बोस ने जीवन भर संघर्ष किया और महात्मा गांधी ने सत्याग्रह का मार्ग प्रशस्त किया। अनगिनत लोगों ने अपनी जान गंवाई। हमारे मंदिर नष्ट किए गए, गांवों को लूटा गया और हमारी सभ्यता को कुचल दिया गया, जबकि हम असहाय, मूक दर्शक बने रहे। इतिहास हमें चुनौती देता है। आज के युवाओं में वह जोश है। बदला लेना अच्छा शब्द नहीं है, लेकिन यह शक्तिशाली है।

# असम और बंगाल को मिलेंगी 11 नई ट्रेनें

**हरियाणा को फायदाः कामाख्या से जुड़ेगा रोहतक**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्रालय पश्चिम बंगाल और असम से 11 नई ट्रेनों की शुरुआत करने जा रहा है, जिनमें वंदे भारत स्लीपर ट्रेन और अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। इन नई ट्रेन सेवाओं से कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है। इन ट्रेनों के शुरू होने से महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के प्रमुख शहरों से इन दोनों राज्यों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल जाएगी। गौरतलब है कि इस वर्ष पश्चिम बंगाल और असम दोनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

**नई ट्रेनें इस प्रकार**

- 8 अमृत भारत एक्सप्रेस
- 1 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन
- 2 नई एक्सप्रेस ट्रेनें
- पश्चिम बंगाल में एक लोकल ट्रेन की सेवा भी बढ़ाई गई है।

**अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन रूट**

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें वंदे भारत एक्सप्रेस जैसा यात्रा अनुभव देती हैं, लेकिन इन्हें विशेष रूप से निम्न और निम्न-मध्यम आय वाले यात्रियों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली सेवा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**इन रूटों पर नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत होगी**

| | |
|---|---|
| न्यू जलपाईगुड़ी | तिरुचिरापल्ली |
| एसएमवीटी बेंगलुरु | अलीपुरद्वार |
| अलीपुरद्वार | पनवेल |
| डिब्रूगढ़ | गोमती नगर (लखनऊ) |
| कामाख्या | रोहतक |
| हावड़ा | दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) |
| सियालदह | बनारस |
| न्यू जलपाईगुड़ी | नागरकोइल |

**उत्तर बंगाल और कर्नाटक के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए दो नई एक्सप्रेस ट्रेनें भी चलाई जाएंगी**

| | |
|---|---|
| एसएमवीटी बेंगलुरु | बालुरघाट एक्सप्रेस |
| एसएमवीटी बेंगलुरु | राधिकापुर एक्सप्रेस |

**पश्चिम बंगाल में मेमू ट्रेन सेवा का विस्तार**

रेलवे बोर्ड ने बांकुरा–मयनापुर मेमू पैसेंजर ट्रेन की सेवा को जयरामबती तक बढ़ाने की मंजूरी भी दे दी है।

**वंदे भारत स्लीपर रूट**

**वंदे भारत स्लीपर ट्रेन हावड़ा और गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलेगी।**

**इस 16-कोच वाली ट्रेन में शामिल होंगे**

| | |
|---|---|
| 11 कोच थर्ड | AC |
| 4 कोच सेकंड | AC |
| 1 कोच फर्स्ट | AC |

इसका डिजाइन स्पीड 180 किमी/घंटा है। नारंगी और ग्रे रंग की यह ट्रेन पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर के बीच रेल संपर्क को और मजबूत करेगी और यात्रियों को तेज, सुरक्षित और अधिक आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करेगी।

### दुश्मन धर्म के नाम पर फूट डालने के प्रयास में जुटाः ले. जनरल कटियार



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के वेस्टर्न आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने आगाह करते हुए कहा कि दुश्मन (पाकिस्तान) की एक साजिश हमारे देश में धर्म के नाम पर फूट डालने की भी है। वेस्टर्न कमांड की इन्वेस्टिचर सेरेमनी (अलंकरण समारोह) में उन्होंने कहा कि हमें दुश्मन की किसी भी साजिश को नाकाम करने के लिए तैयारी जारी रखनी है। दुश्मन की एक साजिश हमारे देश में धर्म के नाम पर फूट डालने की भी है। जरूरी है कि हम सावधान रहें। हमारी सेना में देश के कोने-कोने से आए लोग हैं, हर धर्म और हर जाति के सैनिक हैं।

### इंदौर में 7 वाहन टकराए, कार पर चढ़ी पिकअप



**महू।** इंदौर के महू में 7 वाहन आपस में टकरा गए। ट्रक और गैस टैंकर कारों पर चढ़ गए। हादसा मानपुर भेरू घाट पर शनिवार सुबह हुआ। मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे बंद हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घाट सेक्शन में जहां हादसा हुआ, वहां करीब दो किलोमीटर तक की ढलान है। ढलान से एक तेज रफ्तार ट्रक गुजर रहा था, जो अनकंट्रोल हो गया और आगे चल रहे आयशर वाहन में जा घुसा। आयशर को टक्कर लगी तो वह आगे कार से भिड़ गया। फिर एक कार और पिकअप में टक्कर हो गई। मानपुर थाना प्रभारी लोकेंद्र हीहोर ने बताया कि वाहनों में टक्कर हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

### ओडिशा में विमान हादसाः 6 लोग घायल पायलट गंभीर, डीजीसीए ने शुरू की जांच



**राउरकेला।** ओडिशा के राउरकेला में शनिवार को एक छोटा विमान हादसे का शिकार हो गया। विमान प्राइवेट एयरलाइन का बताया जा रहा है, जिसमें छह लोग घायल हो गए। इस हादसे में पायलट को गंभीर चोटें आई हैं। राज्य के वाणिज्य और परिवहन मंत्री बी बी जेना ने बताया कि प्राइवेट एयरलाइन के छोटे विमान की क्रैश लैंडिंग में छह लोग मामूली रूप से घायल हो गए। मंत्री जेना ने बताया कि यात्रियों को ले जा रहा एक ए-1 नौ सीटर प्राइवेट विमान हादसे का शिकार हो गया है। यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं और उनकी हालत स्थिर है।

**बढ़ेगी शक्ति** छोटे वॉरशिप और हाईस्पीड बोट की तैनाती की जाएगी

# पश्चिम-बंगाल के हल्दिया में बेस बनाकर चीन व बांग्लादेश पर नजर रखेगी भारतीय नौसेना!

- न्यू वॉटर जेट फास्ट अटैक क्राफ्ट तैनात होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी के इलाके में अक्सर सुनाई देने वाली चीन के युद्धपोतों की गोपनीय मौजूदगी की सूचनाओं, बांग्लादेश से बढ़ती उसकी नजदीकियों और पाकिस्तान के नापाक इरादों के बीच अब वो दिन दूर नहीं जब भारतीय नौसेना की भी क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति होगी। जी हां, देश की समुद्री सेना पश्चिम-बंगाल के हल्दिया में अपना एक नया और आधुनिक सुविधाओं से लैस नौसैन्य बेस बनाने जा रही है। जो चीन, बांग्लादेश की हर छोटी-बड़ी गतिविधि के अलावा वर्तमान में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच तेजी से बढ़ते नापाक गठजोड़ पर भी पैनी नजर रखेगा। इस बेस से नौसेना बंगाल की खाड़ी के उत्तरी क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाने का इरादा रखती है। इसकी मदद से तेजी से बदलते भू-रणनीतिक परिदृश्य के बीच राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा की जा सकती है। जानकारों की राय में बंगाल की खाड़ी के उत्तरी इलाके में नौसेना के पास बेस होना रणनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण है।



### करीब 100 नौसैनिकों की तैनाती होगी

इस नए बेस पर लगभग 100 अधिकारी और नाविक तैनात किए जाएंगे। इससे साफ है कि यह एक छोटा लेकिन रणनीतिक रूप से अहम बेस होगा। हल्दिया, कोलकाता से करीब 100 किलोमीटर दूर है और यहां से सीधे बंगाल की खाड़ी तक पहुंच मिलती है। इससे हुगली नदी के रास्ते होने वाली समय-खपत से बचा जा सकेगा। हल्दिया बेस पर फास्ट इंटरसेप्टर क्राफ्ट (एफआईसी) और 300 टन वजनी न्यू वाटर जेट फास्ट अटैक क्राफ्ट तैनात किए जाएंगे। ये बोट्स 40 से 45 नॉट्स यानी 80किमी/प्रति घंटा तक की रफ्तार से चल सकती हैं और तुरंत समुद्री अभियानों के लिए बनाए गए हैं। यह बोट्स 10 से 12 जवानों को ले जा सकती हैं। इनका इस्तेमाल तटीय गश्त, घुसपैठ रोकने, बंदरगाह सुरक्षा और विशेष अभियानों में किया जाएगा।

**वेनेजुएला के बाद मेक्सिको ट्रंप के निशाने पर, दी हमले की धमकी**

# कहा- मेक्सिको में ड्रग कार्टेल चल रहा, खत्म करके ही रहेंगे

**पानी के रास्ते आने वाली ड्रग्स को खत्म किया, अब जमीन की ड्रग्स की बारी**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों धमकियां देने के मूड में नजर आ रहे हैं। दरअसल, वेनेजुएला के खिलाफ कार्रवाई के बाद अब ट्रंप की नजर ग्रीनलैंड पर है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिए हैं कि वह मैक्सिकन इलाके में ड्रग कार्टेल के खिलाफ हमले का ऑर्डर दे सकते हैं। ट्रंप ने मैक्सिको पर अमेरिका में ड्रग्स और अवैध प्रवासियों को भेजने का भी आरोप लगाया है, जिनमें से कई को उन्होंने हिंसक क्रिमिनल बताया है।

### ट्रंप से करेंगे बातः मेक्सिको राष्ट्रपति




*ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको को कार्टेल चला रहे हैं। उस देश के साथ जो हुआ है, उसे देखना बहुत, बहुत दुख की बात है। वहीं मैक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने ट्रंप के इस बयान को उनके बात करने के एक तरीके का हिस्सा बताया। शीनबाम ने आगे कहा कि उन्होंने विदेश मंत्री जुआन रेमन डे ला फुएंते को अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो से और अगर जरूरी हो, तो ट्रंप से सहयोग मजबूत करने के लिए बात करने के लिए कहा है।*

### ग्रीनलैंड पर सैन्य कार्रवाई के पक्ष में नहीं इटलीः मेलोनी



*इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने उम्मीद जताई है कि अमेरिका की ओर से ग्रीनलैंड पर सैन्य हमला नहीं किया जाएगा। मेलोनी ने कहा कि सैन्य कार्रवाई किसी के लिए भी अच्छे नतीजे लाने वाली नहीं होगी। ऐसे में मुझे लगता है कि इस मुद्दे का कोई न कोई हल निकलेगा। ग्रीनलैंड में मिलिट्री कार्रवाई किसी के फायदे में नहीं होगी और इसका नाटो पर भी बुरा असर होगा। मेलोनी ने कहा कि अमेरिकी सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए आर्कटिक क्षेत्र में नाटो की भूमिका मजबूत की जानी चाहिए। मेलोनी ने यह भी साफ किया कि इटली सैन्य कार्रवाई किसी भी कदम का समर्थन नहीं करेगा।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28